विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 37 अंक 105 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 14 जनवरी 2026 डाक 15 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
राज्य के 8 युवाओं और एक संगठन को मिला छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान....



**देश-विदेश**
सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, यह अमर है सोमनाथ मंदिर को लेकर अमित शाह का बड़ा बयान



**फीचर पेज**
इस सर्दी में पहनें लेदर जैकेट, स्टाइलिश दिखेंगी और आरामदायक भी रहेंगी



# मकर संक्रांति या सियासी दही-चूड़ा : तेजप्रताप के भोज में सत्ता-विपक्ष आमने-सामने, राबड़ी आवास बना अपवाद

**पटना, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

मकर संक्रांति के मौके पर बिहार की राजनीति ने इस बार पारंपरिक उत्सव से कहीं आगे बढ़कर सियासी रंग ले लिया। जन शक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजप्रताप यादव ने अपने सरकारी आवास पर दही-चूड़ा भोज का आयोजन कर ऐसा मंच तैयार किया, जहां सत्ता और विपक्ष के नेताओं के एक साथ आने की संभावनाएं बन गईं। इस आयोजन ने राजनीतिक गलियारों में कई तरह की चर्चाओं को जन्म दे दिया है। तेजप्रताप यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को भोज का न्योता दिया है। खास बात यह है कि तेजप्रताप ने न केवल अपने राजनीतिक परिवार बल्कि वैचारिक विरोधियों को भी आमंत्रित किया है। इससे यह संदेश देने की कोशिश साफ झलकती है कि यह भोज सिर्फ धार्मिक या सामाजिक नहीं, बल्कि राजनीतिक संवाद का भी अवसर है। इधर, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान और समाज कल्याण मंत्री रत्नेश सदा ने भी अपने-अपने आवास पर दही-चूड़ा भोज रखा है। इन आयोजनों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राज्यपाल और एनडीए के कई मंत्री-नेताओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा अब केवल परंपरा नहीं, बल्कि राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराने का जरिया बनता दिख रहा है। जिस



राबड़ी आवास को वर्षों तक दही-चूड़ा भोज की पहचान माना जाता रहा, वहां इस बार सन्नाटा पसरा रहेगा। लालू यादव की गैरमौजूदगी में पहली बार यह परंपरा वहां नहीं निभाई जा रही। राजनीतिक जानकार इसे परंपरा के हस्तांतरण और नेतृत्व के बदलते संकेत के रूप में देख रहे हैं। भोज से पहले तेजप्रताप यादव सात महीने बाद राबड़ी आवास पहुंचे। उन्होंने पिता लालू यादव, मां राबड़ी देवी और भाई तेजस्वी यादव को व्यक्तिगत रूप से निमंत्रण दिया। इस दौरान उन्होंने अपनी भतीजी कात्यायनी को गोद में लेकर स्नेह जताया। इससे पहले वे 1 जनवरी को राबड़ी देवी के जन्मदिन पर उनसे मिलने पहुंचे थे। तेजप्रताप यादव के भोज की सबसे खास बात यह है कि इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को आमंत्रित किया गया है। ऐसे नेताओं को भी बुलाया गया है, जिनकी राजनीति आरजेडी की विचारधारा के विपरीत मानी जाती है। इसे बिहार की राजनीति में संभावित नए समीकरणों की आहट के रूप में देखा जा रहा है।पार्टी और परिवार से निष्कासन के बाद तेजप्रताप यादव ने दिल्ली में लालू यादव से मुलाकात कर भोज का निमंत्रण दिया था। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिता का आशीर्वाद मिल गया है और इसी उद्देश्य से वे दिल्ली गए थे। तेजप्रताप ने अपने मामा और पूर्व सांसद साधु यादव को भी भोज का न्योता दिया है। यह कदम इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि दोनों के रिश्ते लंबे समय से तनावपूर्ण रहे हैं। ऐश्वर्या राय विवाद के दौरान साधु यादव के बयानों ने दूरी और बढ़ा दी थी। अब यह निमंत्रण राजनीति में नई दिशा का संकेत माना जा रहा है। दही-चूड़ा भोज लालू यादव की राजनीतिक पहचान का अहम हिस्सा रहा है। इस बार तेजप्रताप यादव उसी परंपरा को अपने अंदाज में आगे बढ़ाते दिख रहे हैं। माना जा रहा है कि इस आयोजन के जरिए वे अपनी राजनीतिक मौजूदगी और स्वतंत्र पहचान को मजबूती देने की कोशिश कर रहे हैं। दिलचस्प संयोग यह भी है कि एक दिन पहले ही तेजप्रताप यादव उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के दही-चूड़ा भोज में शामिल हुए थे। एनडीए में आने के सवाल पर दोनों नेताओं के जवाबों ने सियासी उत्सुकता और बढ़ा दी है। तेजप्रताप यादव ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम विजय सिन्हा सहित कई केंद्रीय और राज्य मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है। वैचारिक विरोध के बावजूद यह न्योता बिहार की राजनीति में मकर संक्रांति को खास बना रहा है।

## रायपुर में साजिश के तहत बसों में आगजनी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के भटगांव स्थित अंतरराज्यीय बस टर्मिनल में मंगलवार देर रात अप्रिय घटना हुई। बस स्टैंड की पार्किंग में खड़ी 5 बसें आग लगने के बाद जलकर खाक हो गई। घटना को लेकर बस संचालकों में हड़कंप मच गया है। शरारती तत्वों पर आग लगाने की आशंका जताई जा रही है। देर रात की है। पार्किंग में खड़ी बसों में अचानक आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में 5 बसें आ गई। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो अपने मोबाइल में बना लिया।

## चलती ट्रेन पर गिरी क्रेन, 22 लोगों की मौत, 30 से ज्यादा घायल

**बैंकॉक, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में ट्रेन के पटरी से उतर जाने के बाद कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के मुताबिक, 30 लोग इस हादसे में घायल हो गए हैं। बैंकॉक से उत्तरपूर्वी थाईलैंड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई, जब एक निर्माण क्रेन ट्रेन के एक डिब्बे पर गिर गई। नाखोन रत्चासिमा प्रांत के स्थानीय



पुलिस प्रमुख थचापोन चिन्नावोंग ने बताया, 22 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना बुधवार सुबह नाखोन रत्चासिमा प्रांत के सिखियो जिले में हुई।

ये बैंकॉक से 230 किलोमीटर (143 मील) उत्तरपूर्व में स्थित है। यह ट्रेन उबोन रत्चथानी प्रांत जा रही थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक हाई-स्पीड रेल परियोजना पर काम कर रही क्रेन गिर गई और गुजरती ट्रेन से टकरा गई, जिससे ट्रेन पटरी से उतर गई और उसमें थोड़ी देर के लिए आग लग गई। पुलिस ने बताया, आग बुझा दी गई है और बचाव कार्य जारी है।

## सबरीमाला मंदिर में सोना चोरी के बाद घी घोटाला केरल हाईकोर्ट ने विजिलेंस को दिया जांच का आदेश

**नई दिल्ली 14 जनवरी।** केरल हाई कोर्ट ने सबरीमाला मंदिर में आदिया सिष्टम घी की बिक्री से जुड़ी धांधली पर बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने विजिलेंस जांच का आदेश दिया है। इसमें लाखों रुपये की गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। जस्टिस वी राजा विजयराघवन और के वी जयकुमार की बेंच ने सबरीमाला स्पेशल कमिश्नर की रिपोर्ट पर यह फैसला लिया है। रिपोर्ट में घी की बिक्री से मिले पैसे की हेराफेरी का जिक्र है और कोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए जांच की मांग मंजूर की है। कोर्ट ने बताया कि नवंबर 17, 2025 से दिसंबर 26, 2026 तक और दिसंबर 27, 2025 से जनवरी 2, 2026 तक की अवधि में करीब 35 लाख रुपये की धांधली हुई है। विजिलेंस डायरेक्टर को निर्देश दिया गया है कि वे योग्य अधिकारियों की टीम बनाएं और ट्रावणकोर देवास्वोम बोर्ड (टीडीबी) के चीफ विजिलेंस एंड सिक्योरिटी ऑफिसर की रिपोर्ट पर क्राइम दर्ज करें।

## पीएम मोदी ने केंद्रीय मंत्री के घर मनाया पोंगल, कहा- ये अब ग्लोबल त्योहार



**नईदिल्ली 14 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोंगल का त्योहार मनाया है। इस मौके पर पीएम मोदी केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के घर पहुंचे और वहां सभी रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों को पोंगल की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। पीएम मोदी ने इस त्योहार के मौके पर तमिल रीति-रिवाजों से पूजा की। इसके बाद गाय और गाय के बछड़े को चारा खिलाया और उनकी भी माला पहनाकर पूजा की। प्रधामंत्री ने इस त्योहार के महत्व को बताते हुए कहा, यह त्योहार (पोंगल) प्रकृति, परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग दिखाता है। इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों को लेकर उत्साह का माहौल है। भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाइयों और बहनों को मेरी ओर से पोंगल और सभी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री मोदी ने पोंगल के पर्व पर कहा, मेरे लिए यह भी एक बहुत सुखद अनुभव रहा कि पिछले वर्ष मुझे तमिल संस्कृति से संबंधित कई कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला। मैंने तमिलनाडु के हजार वर्ष पुराने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में पूजा-अर्चना की। वाराणसी में काशी तमिल संगम के दौरान, मैं हर पल सांस्कृतिक एकता की ऊर्जा से जुड़ा रहा।

प्रधानमंत्री ने आगे बताया, जब मैं पंबन पुल के उद्घाटन के लिए रामेश्वरम गया, तो मैंने एक बार फिर तमिल इतिहास की महानता को देखा। हमारी तमिल संस्कृति पूरे भारत की साझा विरासत है। इतना ही नहीं, यह पूरी मानवता की साझा विरासत है। जिस एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना की मैं बात करता हूँ, वह पोंगल जैसे त्योहारों से और भी मजबूत होती है।

## गुटखा किंग पर तीन सौ करोड़ का जुर्माना छत्तीसगढ़ जीएसटी ने की बड़ी कार्रवाई



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ जीएसटी ने दुर्ग के गुटखा किंग गुरमुख जुमनानी पर 317 करोड़ की पेनल्टी लगाई है। जुमनानी बीते 5 वर्षों से सितार नाम का गुटखा बनाकर पूरे राज्य में बेच रहे थे। तंबाखू युक्त गुटखा सितार पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इस वजह से विभाग गुरमुख जुमनानी ने पांच वर्षों की गणना करके टैक्स और पैनल्टी की राशि तय की है। जीएसटी विभाग के अधिकारी ने बताया गुटखे का पूरा धंधा प्लानिंग के तहत था। गोदाम के लिए गुरमुख के पिता लोगों से रेंट एग्रीमेंट करते थे। इसी स्थान पर गुटखे की पैकिंग होती थी। इसके बाद बोरे में भरकर गुटखा दुकानों तक सप्लाई किया जाता था। जांच में टीम ने कई पुराने एग्रीमेंट से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए हैं। गुरमुख के सितार गुटखे की कीमत बाजार में 2 रुपए थी। गुटखे का फॉर्मूला बनाने वाले दीपक पांडे ने बताया कि 1 मिनट में 250 गुटखे के पैकेट मशीन से तैयार किए जाते थे। एक दिन में 50 बोरा गुटखा मार्केट में खपाया जाता था। महीने में सिर्फ 18 दिन ही मजदूर काम करते थे।

## इन्फैंट्री में महिलाओं की भर्ती को सेना तैयार, सेना प्रमुख बोले- फैसला समाज की सोच पर निर्भर

**नईदिल्ली 14 जनवरी [एजेंसी]।**

भारतीय सेना इन्फैंट्री (पैदल सेना) में महिलाओं को शामिल करने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन यह फैसला समाज की स्वीकार्यता पर निर्भर करेगा। यह बात जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कही। जनरल द्विवेदी ने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि महिलाएं काली माता का रूप है उन्हें किसी भी तरह से कमजोर वर्ग के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना की सोच पूरी तरह जेंडर न्यूट्रल है और महिलाओं-पुरुषों के बीच किसी तरह का भेदभाव नहीं किया जाता। उन्होंने कहा कि अगर मानक एक जैसे हों, क्षमताएं समान हों और एक राष्ट्र के रूप में हमारा समाज इसे स्वीकार



करने के लिए तैयार हो, तो महिलाओं को लड़ाकू भूमिका में शामिल किया जा सकता है और यह कल से भी संभव है। जनरल द्विवेदी ने कहा है कि सेना में एक समान मानक अनिवार्य हैं, लेकिन चिकित्सा और संचालन से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों के कारण इन्हें लागू करना आसान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं के लिए नए सैन्य रोल खोलने का फैसला उनके प्रदर्शन के आंकड़ों के आधार पर किया जाएगा। सेना प्रमुख ने कहा कि महिलाओं की भूमिका का विस्तार क्रमिक प्रक्रिया होगी। इसकी शुरुआत सहायक बलों से होगी, इसके बाद लड़ाकू बलों और अंततः स्पेशल फोर्सेज तक रास्ता खुलेगा। उन्होंने इसे क्रमबद्ध और स्वागत योग्य सामाजिक बदलाव बताया।

## भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद के घर में लगी आग, मचा हड़कंप, घटनास्थल पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियां



**नईदिल्ली 14 जनवरी [एजेंसी]।**

राजधानी दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में आज सुबह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास पर आग लगने की एक घटना सामने आई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए त्वरित कार्रवाई शुरू की। दिल्ली पुलिस की फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई है और आग लगने के कारणों की गहन जांच में जुटी है।

अग्निशमन विभाग को सुबह करीब 8.05 बजे मदर क्रिसेंट रोड स्थित एक कोठी नंबर में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। आग लगने की खबर मिलते ही दमकल विभाग ने तत्परता दिखाते हुए अपनी तीन गाड़ियां तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना कर दीं। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि यह आवास भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद का है। दमकल कर्मियों ने आग को फैलने से रोकने और उस पर नियंत्रण पाने के लिए मोर्चा संभाला। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग को अब बुझा लिया गया है और स्थिति नियंत्रण में है। सुबह 8.35 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। आग घर के एक कमरे में रखे कुछ फर्नीचर में लगी थी। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के समय आवास में मौजूद सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। आग लगने के कारणों का पता अभी तक नहीं चल पाया है। दिल्ली पुलिस की फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर मौजूद है और आग के स्रोत तथा कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। सब, फायर ऑफिसर सुरेश एम ने बताया, हमें आग लगने की सूचना मिली थी। हमने आग बुझा दी है। आग कमरे में लगी थी। आग के कारण का पता नहीं चला है। टीमें जांच कर रही है। किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है।

## राजिम त्रिवेणी संगम में भक्तों ने मकर संक्रांति पर किया स्नान

**गारियाबंद, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ में आज मकर संक्रांति उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। गरियाबंद जिले के राजिम के त्रिवेणी संगम में सुबह भक्तों ने स्नान कर पूजा पाठ किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। दीप दान कर भगवान कुलेश्वर नाथ और राजीव लोचन का जलाभिषेक किया। बुधवार (14 जनवरी) को मकर संक्राति पर प्रदेश भर के अलग-अलग जिलों में खास आयोजन होंगे। इस अवसर रायपुर के कई जगहों पर पतंगबाजी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वहीं मंदिरों में दीपोत्सव और विशेष भोग की व्यवस्था की गई है। भिलाई के जयंती स्टेडियम के पास स्थित हेलीपेड ग्राउंड में सबसे बड़ा पतंग महोत्सव आयोजित किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा आयोजित पतंगबाजी उत्सव आज खास आकर्षण रहेगा। जिसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। पुलिस इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने और जागरूकता फैलाने की भी सलाह देगी।

**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**
**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

## किन्नर समाज की पंचायतों में सलाम छूट रहा... राम-राम का बोलबाला, 10 हजार ने इस्लाम त्याग हिंदू धर्म अपनाया

**प्रयागराज, 14 जनवरी [एजेंसी]।**



किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कल्याणीनंद गिरि का दावा है कि किन्नर समाज में बीते कुछ वर्षों में बड़ा धार्मिक और सामाजिक परिवर्तन देखने को मिला है। पहले किन्नर समाज की गद्दियां और परंपराएं इस्लामिक थीं, लेकिन किन्नर अखाड़े के गठन के बाद इसमें बदलाव शुरू हुआ है। अब किन्नर सम्मेलन, समूह बैठकों और पंचायतों में सलाम की जगह राम-राम का अभिवादन होने लगा है। महामंडलेश्वर ने बताया कि आचार्य महामंडलेश्वर लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में महाकुंभ-2025 के बाद देशभर में ऐसे किन्नरों की घर वापसी कराई गई है, जो खुद को अल्पसंख्यक मानने लगे थे। उनके अनुसार अब तक लगभग 10 हजार किन्नर इस्लाम की परंपराएं त्यागकर हिंदू धर्म अपना चुके हैं। उन्होंने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रयागराज के कटरा क्षेत्र के एक हिंदू परिवार में जन्म लेने के बावजूद रोजी-रोटी के लिए दिल्ली जाने पर वर्ष 2011 में मुस्लिम परंपराएं मानने के लिए बाध्य होना पड़ा। वर्ष 2020 में हरिद्वार कुंभ के दौरान लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी से मुलाकात के बाद किन्नर अखाड़े से जुड़ने का अवसर मिला, जिसने धर्म, शिक्षा, संस्कृति और समाज को एकजुट रखने का कार्य शुरू किया है। महामंडलेश्वर ने कहा कि पहले किन्नर सम्मेलनों में सलाम की परंपरा थी, लेकिन अब राम-राम बोला जा रहा है। पहले अल्पसंख्यक किन्नर बधाई देने तक से परहेज करते थे, लेकिन अब छठ पूजा जैसी हिंदू परंपराओं का पालन भी कर रहे हैं। गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार, केरल, राजस्थान और मध्य प्रदेश सहित देश के कई राज्यों में किन्नर समाज के लोग सनातन धर्म से जुड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि कई किन्नर अब रुद्राक्ष की माला धारण कर रहे हैं, तिलक लगाकर सनातन सम्मेलनों में भाग ले रहे हैं। वैष्णो देवी दर्शन के दौरान भी अनेक किन्नरों ने उनसे संपर्क कर माघ मेले में आने की इच्छा जताई और हिंदू धर्म अपनाने की बात कही। महामंडलेश्वर कल्याणीनंद गिरि ने किन्नर समाज के साथ होने वाले सामाजिक और शारीरिक शोषण की भी बात उठाई। उन्होंने कहा कि शादी का झांसा देकर किन्नरों को ठगा जाता है।

## तहसीलदार की गाड़ी ने महिला को लिया चपेट में, नशे में था ड्राइवर

*__दंतेवाड़ा।__ कटेकल्याण में प्रशासनिक अनुशासन पर सवाल तब खड़े हो गए, जब महिला तहसीलदार की सरकारी गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। घटना के वक्त तहसीलदार वाहन में मौजूद नहीं थीं, लेकिन कार पर उनका नाम लिखा हुआ था। हादसा अंबेडकर पार्क के पास हुआ, जहां गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि चालक और प्यून नशे की हालत में थे. पूछताछ में दोनों ने बस स्टैंड के पास महुआ शराब पीने की बात स्वीकार की। नशे में वाहन चलाने से नियंत्रण बिगड़ा और दुर्घटना हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सरकारी वाहन के दुरुपयोग का मामला भी जांच के दायरे में है। यह घटना प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े करती है। सरकारी गाड़ी का निजी और गैरकानूनी इस्तेमाल उजागर हुआ है। अब देखना होगा कि दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।*

## किसानों का आत्महत्या के लिए मजबूर होना दुर्भाग्य जनक

### भूमि संबंधी मामलों के लिए विशेष काउंटर खोले प्रशासन

**कोरबा।** निगम सभापति नूतन सिंह ने कहा है कि जिले में लगातार दूसरी बार किसान द्वारा जहर पीकर जान देने की कोशिश किया जाना दुर्भाग्यजनक है। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए उनको धान का समर्थन मूल्य को बढ़ाते है 3100 रुपए देने का निर्णय लिया है। सरकार का उद्देश्य किसानों का अधिक से



अधिक लाभ पहुंचाना है लेकिन अधिकारियों की लापरवाहियों के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वे मजबूर होकर आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। आदिवासी बहुल कोरबा जिले में जमीन के नामांतरण , बंटवारा, रिकॉर्ड दुरुस्ती के सैकड़ों मामले तहसील न्यायालयों में लंबित है। कोरबा की जनता ने सिर्फ गांव में बल्कि शहरों में भी अपने जमीन संबंधी विवाद के कारण लगातार भारी परेशानी झेल रहे हैं। धान खरीदी के इस मौसम में रकबा कम होने की घटना के कारण किसानों को हो रही परेशानी अत्यंत दुखद बात है। जिला कलेक्टर कोरबा को रिकॉर्ड दुरुस्ती, भूमि विवाद के मामलों में निपटारा के लिए सभी तहसीलों में सुविधा केन्द्र चालू करें जहां ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए विवादों का निपटारा किया जाना चाहिए। कोरबा में जहर पीकर जान देने की कोशिश के दोनों मामलों की कोरबा कलेक्टर जांच करायें तथा इसके लिए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

## रेलवे लाइन विस्तार से संकट में वार्ड 07 की बुनियादी सुविधाएं, कृष्ण नगर वासियों ने कलेक्टर से लगाई सड़क नाली और मंदिर बचाने की गुहार

**कोरबा//दीपका।** नगर पालिका परिषद दीपका के वार्ड क्रमांक 07 कृष्ण नगर के निवासियों ने क्षेत्र में चल रहे रेलवे लाइन विस्तार कार्य के कारण उत्पन्न हो रही समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है वार्डवासियों ने जिला कलेक्टर कोरबा को एक औपचारिक मांग पत्र सौंपकर रेलवे लाइन के किनारे सड़क नाली निर्माण और धार्मिक स्थल के विस्थापन को लेकर चार प्रमुख मांगें रखी हैं । स्थानीय निवासियों का कहना है कि रेलवे के इस नए प्रोजेक्ट से वार्ड की वर्षों पुरानी मुख्य सड़क बाधित हो जाएगी जिससे स्कूल, अस्पताल और बाजार जाने का मार्ग पूरी तरह बंद होने की कगार पर है वार्डवासियों ने निम्नलिखित बिंदुओं पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है:-- कृष्ण नगर के दक्षिण में वर्तमान मुख्य सड़क के बाधित होने से पहले निवासियों के लिए स्कूल और अस्पताल पहुँचने हेतु वैकल्पिक पक्की सड़क बनाई जाए । वार्ड के पश्चिम दिशा में दो पुलियों के बीच सड़क और नाली का निर्माण अनिवार्य है वर्तमान स्थिति में पुलिया नीचे होने के कारण बारिश में वहाँ जलभराव और कीचड़ की समस्या पैदा होगी जिससे आवागमन ठप हो जाएगा । रेलवे लाइन की जद में आ रहे पूर्व दिशा स्थित हनुमान मंदिर को हटाने से पहले उसे श्रद्धा भाव के साथ किसी दूसरे स्थान पर पुनर्स्थापित किया जाए । वार्ड के पूर्व दिशा में संचालित सड़क को मुख्य मार्ग से जोड़ने की मांग की गई है ताकि कनेक्टिविटी बनी रहे ।वार्डवासियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी इन बुनियादी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक रेलवे लाइन का कार्य आगे बढ़ाना उनके हितों के साथ खिलवाड़ होगा इस संबंध में उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी (कटघोरा) तहसीलदार नगर पालिका अधिकारी और रेलवे प्रबंधन को भी प्रतिलिपि भेजकर उचित कार्रवाई की मांग की है ।

## प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने दी मकर सक्रांति और पोंगल की शुभकामनाए

**कोरबा।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, वाणिजियक कर (आबकारी), श्रम मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखन लाल देवांगन ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति और पोंगल पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री देवांगन ने इस अवसर पर सभी लोगों के लिए सुख-समृद्धि की कामना करी हैं।



उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति का त्यौहार नई ऊर्जा, उमंग और सकारात्मकता का प्रतीक है। तिल-गुड़ की मिठास और सूर्य की नव ऊर्जा नागरिकों के जीवन को सदा रोशन करे। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और स्वास्थ्य का आशीर्वाद लेकर आए। हम सब मिलकर प्रदेश और देश की उन्नति में योगदान दें और एकजुट होकर विकास की नई ऊंचाइयों को छूने का संकल्प लें।

## डीएमएफ फंड मामले में उच्च न्यायालय ने जांच समिति की गठित

**कोरबा ।** जिले में जिला खनिज न्यास निधि (डीएमएफ) के कथित दुरुपयोग को लेकर दायर जनहित याचिका (पीआईएल) पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने अदालत को जानकारी दी कि शिकायत की जांच के लिए बिलासपुर संभाग आयुक्त द्वारा एक जांच समिति का गठन कर दिया गया है।मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा की खंडपीठ के समक्ष अतिरिक्त महाधिवक्ता प्रवीण दास ने बताया कि जांच समिति की अध्यक्षता उपायुक्त (विकास), बिलासपुर संभाग करेंगे। समिति को कोरबा जिले में डीएमएफ फंड के उपयोग, स्वीकृत योजनाओं, व्यय प्रक्रिया और नियमों के पालन से जुड़े सभी बिंदुओं की गहन जांच का दायित्व सौंपा गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने न्यायालय को अवगत कराया कि उच्च न्यायालय में नियम, 2007 के तहत निर्धारित सुरक्षा राशि 5 जनवरी को जमा कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व सुरक्षा निधि की राशि कम करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले की शुरुआत खनन मंत्रालय, भारत सरकार के अवर सचिव द्वारा 20 नवंबर 2024 को भेजे गए पत्र से हुई थी, जिसमें डीएमएफ फंड में कथित अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। इस पत्र के आधार पर बिलासपुर संभाग आयुक्त ने मामले को कोरबा कलेक्टर को आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित किया था।

# वन विभाग ने तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ा,लाखों की लकड़ी जप्त



**कोरबा।** वन विभाग की टीम ने लकड़ी तस्करों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। अभियान के तहत सर्च के लिए गठित तीन अलग अलग टीम ने 8 घरों के अलावा कोसाबाड़ी में दबिश दी। टीम को तलाशी के दौरान सागौन और साल प्रजाति के 366 नग चिरान के अलावा हाथ आरा तथा दो नग चक्कादार कनासी मिले। विभाग द्वारा जप्त लकड़ी की कीमत करीब 2 लाख 21 हजार 528 रूपए आंकी गई है। मामले में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। बिलासपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक ने वन व वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। उनके निर्देश पर कोरबा डीएफओ प्रेमलता यादव ने अमल शुरू कर दिया है। डीएफओ ने कोरबा वनमंडल के सभी रेंज अधिकारियों को पेंड़ों की कटाई करने वालों के अलावा लकड़ी तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। उनके निर्देश पर रेंज अफसरों ने मुखबीरों को सक्रिय कर दिया है। बताया जा रहा है कि अफसरों को कुदमुरा के कुछ ग्रामीणों द्वारा बड़े पैमाने पर सागौर और साल की कटाई किए जाने की सूचना मिल रही थी। जिससे आला अफसरों को अवगत कराया गया। डीएफओ श्रीमती यादव ने कुदमुरा वन परिक्षेत्र में रहने वाले तीन ग्रामीणों के घर तलाशी के लिए सर्च वारंट जारी कर दिया। इसके साथ ही छापामार कार्रवाई के लिए उप वनमंडाधिकारी सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन में तीन अलग अलग टीम गठित कर दी। सोमवार की सुबह तीनों ही टीम करतला पुलिस के साथ कुदमुरा पहुंची। जहां तीनों ही टीम ने गांव में रहने वाले रामदास महंत, श्यामदास महंत व लछनसिंह राठिया के घर दबिश दी। इसके अलावा रेशम विभाग के कोसाबाड़ी परिसर में तलाशी ली गई। टीम को तलाशी के दौरान तीनों घर और कोसाबाड़ी परिसर में छिपाकर रखे गए सागौन व साल प्रजाति के 366 नग चिरान के अलावा हाथ आरा तथा दो नग कनासी मिले। टीम को छापामार कार्रवाई में मिले 9.933 घर मीटर लकड़ी की कीमत 2 लाख 21 हजार 528 रूपए आंकी गई है। गौरतलब है कि गुरूवार को बालको वन परिक्षेत्र के ग्राम गढ़कटरा में दबिश देते हुए बड़े पैमाने पर चिरान बरामद किया गया था। बहरहाल कुदमुरा में रामदास,श्यामदास व लछन सिंह के घर चिरान बरामद होने के बाद वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई में एडीओ श्री सोनी के अलावा बालको रेंजर जयंत सरकार, करतला रेंजर रघुनाथ राठिया, पसरखेत रेंजर देवदत्त खांडे, कुदमुरा रेंजर घुटुर साय पैकरा, उप वनक्षेत्रपाल सहनी राम राठिया, कांति कुमार, अनिल कुमार कंवर के अलावा पुलिस के अफसर व जवान शामिल थे।सूत्रों की मानें तो वन विभाग की टीम ने दबिश देते हुए श्यामदास के घर से चिरान बरामद किया है। श्यामदास रेशम विभाग के कोसाबाड़ी में लंबे समय से सेवा देते आ रहा है। इस बात की भनक लगने पर वन विभाग की टीम ने कोसाबाड़ी परिसर में भी तलाशी ली। इस दौरान परिसर में छिपाकर रखा गया चिरान भी जप्त किया गया। ऐसे में रेशम विभाग द्वारा भी कार्रवाई की जा सकती है।



## नए खदान के विरोध में गोगपा का धरना शुरू

**कोरबा।** रुंगटा - के नऐ कोयला खदानको लेकर गो. ग. ग.पा.ने अनिश्चितकालीनधरने पर बैठे ! ( रानी अटारी विजयवेस्ट )13 जनवरी को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, पोड़ी उपरोड़ा ,ब्लॉक इकाई पसान ,ने वन अधिकार, खनन से प्रभावित क्षेत्र और ग्राम पंचायत में कथित अनियमितताओं को लेकर प्रशासन को 9 जनवरी को ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी, जिसके तहह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है। पार्टी ने अधिनियम 2012 के तहत वर्षों से लंबित व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रों का शीघ्र निराकरण कर पात्र किसानों को अधिकार पत्र प्रदान करने की मांग की है।पार्टी ने आरोप लगाया कि द्वारा क्षेत्र में पिछले 20-25 वर्षों से संचालित खदानों से अरबों रुपये का राजस्व अर्जित किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। खनन क्षेत्र के ग्रामीणों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने कंपनी को सामाजिक दायित्व के तहत क्षेत्र विकास के लिए विशेष राशि उपलब्ध कराने के निर्देश देने की मांग की है।

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि दो ग्राम पंचायतों में बिना ग्रामवासियों को सूचना दिए फर्जी तरीके से ग्रामसभा की कार्यवाही दर्ज कर निजी कंपनी को कोयला खनन हेतु प्रस्ताव भेजा गया। सोशल मीडिया पर वायरल ग्रामसभा कार्यवाही की छायाप्रति के आधार पर पार्टी ने इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषी सरपंच और सचिवों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

साथ ही धरना स्थल पर शांति व्यवस्था बनाए रखने और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग भी प्रशासन से की गई है।

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से -विद्वान सिंह मरकाम , जिला पंचायत सदस्य व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के जिला अध्यक्ष, संतोष मरावी (जनपद सदस्य, पुटीपखना), चंद्रनाथ पोर्ते (सरपंच ), श्रवण कुमार (सरपंच प्रतिनिधि तनेरा), सुरेंद्र सिंह (सरपंच मिसिया), मनोज मरावी, तापस पोया, शंकर मरावी, जगतपाल केराम एवं आसपास गांव के समस्त मातृ शक्ति, पितृ शक्ति उपस्थित थे शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पसान, एवं कोरबी चौकी पुलिस को तैनात की गई है!

# डॉग शो में बाघा का किया गया सम्मान

**कोरबा ।** बेजुबान किंतु काफी समझदार और वफादारी की मिसाल कहे जाने वाले विभिन्न प्रजाति के डॉग के लिए शो का आयोजन लगातार दूसरे वर्ष कोरबा केनाइन क्लब के द्वारा आयोजित किया गया।डॉग एनिमल वेलफेयर सोसाइटी से सम्बद्ध कोरबा केनाइन क्लब ने 11 जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर ओपन एयर ऑडिटोरियम मैदान में यह विशाल आयोजन रखा।इस डॉग शो में कोरबा सहित कोरबा जिले से बाहर व छत्तीसगढ़ राज्य सहित राज्य से बाहर के भी विभिन्न डॉग लवर ने अपने-अपने अलग-अलग प्रजाति एवं नस्ल के डॉग को यहां लाया। प्रशिक्षित डॉग्स के द्वारा अपनी प्रतिभाएं प्रस्तुत की गईं जो काफी रोमांच का विषय यहां उपस्थित दर्शकों के लिए बना रहा। गरिमामय कार्यक्रम के अवसर पर जिला पुलिस बल का एक अहम हिस्सा डॉग बाघा को भी इस शो में आयोजक क्लब द्वारा आमंत्रित किया गया। डॉग बाघा को उसकी अनेक उपलब्धियों के साथ-साथ हाल ही में हत्या के एक मामले का खुलासा करने में निभाई गई अहम भूमिका के लिए सम्मानित करने हेतु आमंत्रित किया गया। बाघा को लेकर डॉग मास्टर सुनील कुमार गुप्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सेवानिवृत्त कर्मियों को लीज पर आवास देने पर निर्णय नहीं होने से टूटने लगी उम्मीद-मामले में फंसा है पेंच

**कोरबा ।** एसईसीएल की कोयला खदानों से रिटायरमेंट के बाद कब्जा कर रहने वाले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आवास नहीं छोड़ना पड़ेगा, यह बंधी उम्मीद अब टूटने लगी है, क्योंकि लगभग डेढ़ साल बाद भी सेवानिवृत्त कर्मियों को लीज पर आवास देने पर निर्णय नहीं हुआ है, जबकि कोल इंडिया के आवास सब कमेटी की तीन बैठकें हो चुकी है। इसी साल सितंबर में हुई बैठक में केन्द्र से अनुमति को जरूरी बताने पर सेवानिवृत्त कर्मियों को लीज पर आवास मिलने के मामले में पेंच फंस गया है।

कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियों में सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को आवासीय कॉलोनियों के मकान किराए या लीज एग्रीमेंट पर देने की योजना को अंतिम रूप देने कोल इंडिया की आवास सब कमेटी का गठन हुआ। कोल इंडिया के अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों को कमेटी में शामिल किया है, जो कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। डेढ़ साल पहले गठित कमेटी की तीन बैठक बैठकों के बावजूद सेवानिवृत्त कर्मियों को आवास देने पर निर्णय नहीं लिया है। इससे कब्जाधारी सेवानिवृत्त कर्मचारियों की चिंताएं बढ़ गई है। इनकी उम्मीदें कमेटी के गठन पर बंधी थी, लेकिन अब इन्हें आवास खाली करने की नौबत आएगी, क्योंकि एसईसीएल के कई एरिया में कर्मचारियों के आवास आवंटन संबंधी आवेदन दफ्तरों में पेंडिंग हैं। खासकर कुसमुंडा एरिया में लगभग 150 कर्मचारी किराए के मकान में रहकर ड्यूटी कर रहे इनमें दूसरे एरिया से तबादले के बाद कुसमुंडा खदान में सेवाएं दे रहे हैं। जिले के कोरबा, गेवरा, दीपका व कुसमुंडा समेत दूसरे अन्य एरिया के एसईसीएल आवासीय कॉलोनियों के मकानों में 3566 सेवानिवृत्त कर्मियों का कब्जा है।

# आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम अखड़ा विकास योजना का प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं एवं विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन तय समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके।

कलेक्टर श्री दुदावत ने धान खरीदी कार्य की समीक्षा करते हुए किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारियों को कहा कि उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी कार्य बिना किसी व्यवधान के सुचारू रूप से संचालित हो। धान की नमी और गुणवत्ता की नियमित जांच, सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी तथा उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर निगरानी के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

कलेक्टर ने जिले की सभी नगर पालिकाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए लक्ष्यों की समय पर पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड विजिट के माध्यम से कार्यों की वास्तविक स्थिति का आकलन करने तथा जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से स्वीकृत कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को 'सियान जतन' योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित करने, उनकी संख्या बढ़ाने तथा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए सेवाएं एवं उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को मुख्यमंत्री अनुसूचित जनजातीय ग्राम अखड़ा विकास योजना के तहत गांवों की पहचान कर चयन, जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर समिति गठन तथा अखड़ों में प्रकाश व्यवस्था सहित सुव्यवस्थित सुविधाएं विकसित करने के निर्देश दिए गए।

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


कलेक्टर श्री दुदावत ने विशेष पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य अधिकारी को आवेदन से लेकर स्वीकृति तक की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## जिला युवा कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट के सामने कफ़न ओढ़कर किया प्रदर्शन

**कोरबा ।** कोरबा जिला युवा कांग्रेस द्वारा जिले में किसानों द्वारा शासन व प्रशासन से प्रताड़ित होने का आरोप लगाए जाने की बात का समर्थन करते हुए जिला कोरबा के कलेक्ट्रेट परिसर के सामने कफ़न ओढ़कर अनोखा सांकेतिक प्रदर्शन किया। कोरबा जिला युवा कांग्रेस द्वारा कृषि मंत्री से इस्तीफे की मांग करी गयी एवं जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही कर निष्कासित करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्रामीण जिलाध्यक्ष विकास सिंह, शहर जिला अध्यक्ष राकेश पंकज, बाकीमोगरा नगर पालिका परिषद नेता प्रतिपक्ष मधुसूदन दास, प्रदेश महासचिव लक्ष्मी कंवर, प्रदेश सचिव नवीन कुकरेजा, जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण आकिब, जिला उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास, इसाक खान, जिला महासचिव भरत मिश्रा, जिला महासचिव बालेंद्र सिंह, कटघोरा विधानसभा अध्यक्ष रहमान खान, सुनील निर्मलकर, छोटू, आकाश प्रजापति, धनंजय राठौर सहित जिला युवा कांग्रेस कमेटी के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री ने दी मकर सक्रांति की बधाई

**कोरबा ।** पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने सूर्य उपासना का पावन पर्व मकर सक्रांति की कोरबावासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है । श्री अग्रवाल ने मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर कोरबावासियों के लिए सुख - समृद्धि, अमन - चैन, वैभव, ऐश्वर्य, उन्नति, प्रगति, आदर्श, प्रसिद्धि, दीर्घायु होने की कामना की है ।



श्री अग्रवाल अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि यह पर्व शीत रितु के जाने तथा बसंत रितु के आगमन का प्रतिक है । इस दिन को भगवान सूर्यदेव की उपासना और स्नान तथा दान पुण्य का पर्व भी मानते हैं । मकर सक्रांति के पर्व को अलग - अलग राज्यों में लोहड़ी, पोंगल, संकरात, खिचड़ी के नाम से भी श्रद्धा, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है ।

# आत्महत्या प्रयास का धान खरीदी से कोई संबंध नहीं

### प्रशासनिक जांच में उजागर हुआ सत्य


**कोरबा।** विगत 12 जनवरी 2026 को श्री सुमेर सिंह, पिता श्री त्रिलोक सिंह, निवासी ग्राम पूटा, तहसील हरदीबाजार द्वारा आत्महत्या के प्रयास की घटना के संबंध में विभिन्न समाचार एवं मीडिया माध्यमों द्वारा यह प्रकाशित किया गया कि यह कदम उनके द्वारा धान विक्रय में आ रही कथित परेशानियों के कारण उठाया गया।उक्त समाचारों की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा तत्परता से जांच कराई गई। एसडीएम पाली श्री रोहित सिंह ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि श्री सुमेर सिंह के नाम पर ग्राम पूटा, तहसील हरदीबाजार में खसरा नंबर 270/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 219/2 रकबा 1.315 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। उन्होंने बताया कि उक्त भूमि का मौके पर निरीक्षण अपर कलेक्टर कोरबा (प्रभारी भू-अभिलेख शाखा), डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, संबंधित हल्का पटवारी, भूमि विक्रेता श्री जयनारायण गोंड़, ग्राम सरपंच, उप-सरपंच एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में किया गया। मौका निरीक्षण के दौरान तैयार पंचनामा तथा लिये गये फोटोग्राफ्स से यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि उक्त भूमि खरीफ मौसम 2026 में पड़ती थी तथा उस पर खरीफ मौसम के दौरान किसी भी प्रकार की धान अथवा अन्य कोई फसल नहीं लगी हुई है, जिसकी पुष्टि मौके पर उपस्थित सरपंच, उपसरपंच तथा ग्रामवासियों ने की है।जिससे आत्महत्या के प्रयास को धान विक्रय से जोड़कर प्रकाशित किया गया समाचार तथ्यात्मक रूप से भ्रामक एवं निराधार है। प्रशासन द्वारा की गई जांच में इसका कोई भी आधार नहीं पाया गया है।



## सुशासन में बदली किसानों की तकदीर, धान खरीदी बनी की पूरी प्रक्रिया सुगम और पारदर्शी'

### सरकार की पारदर्शी व्यवस्था से मजबूत हो रहा अन्नदाता का आत्मविश्वास

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ के अन्नदाता आज पहले से कहीं अधिक सशक्त, सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर रहा है। किसानों की वर्षों पुरानी समस्याओं को दूर करते हुए राज्य सरकार ने धान खरीदी व्यवस्था प्रक्रिया को सरल, तेज और पूर्णत: पारदर्शी बनाया है। सर्वाधिक समर्थन मूल्य के साथ-साथ सुव्यवस्थित खरीदी व्यवस्था ने किसानों के भरोसे को मजबूत किया है और यही कारण है कि आज खेत से उपार्जन केंद्र तक हर किसान के चेहरे पर संतोष और आत्मविश्वास की झलक दिखाई दे रही है।इसी सुशासन की एक सशक्त मिसाल हैं कोरबा जिले के ग्राम सलीहाभाटा निवासी कृषक श्री कमलेश यादव, जो अपनी मेहनत की उपज लेकर उपार्जन केंद्र भैंसमा पहुंचे। श्री यादव ने पिछेल वर्ष के साथ इस वर्ष भी 67 क्विंटल 20 किलोग्राम धान की बिक्री की है। उन्होंने बताया कि इस बार उन्हें अपनी उपज बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।श्री यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को उनकी मेहनत का उचित और समय पर मूल्य दिया जा रहा है। उपार्जन केंद्रों में बैठने, उठने और पंजीयन से लेकर भुगतान तक की पूरी व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित की गई है। पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी होने के कारण किसी भी प्रकार का भ्रम या अव्यवस्था नहीं है। किसान को केवल अपनी फसल उपार्जन केंद्र तक लानी होती है, उसके बाद हर कार्य आसानी और स्पष्टता के साथ संपन्न हो जाता है।उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से किसानों में आत्मविश्वास बढ़ा है और यह विश्वास मजबूत हुआ है कि सरकार वास्तव में उनकी समस्याओं को समझती है और उनके हित में काम कर रही है।



इससे खेती अब एक सुरक्षित और लाभकारी कार्य बनती जा रही है।उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार के किसान हितैषी फैसलों से हजारों किसानों की जिंदगी में बदलाव आया है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार भविष्य में भी किसानों के साथ इसी तरह खड़ी रहेगी और उन्हें आत्मनिर्भर व खुशहाल बनाने की दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी।छत्तीसगढ़ सरकार का प्रयास प्रदेश के अन्नदाताओं को सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि की ओर ले जाने की मजबूत आधारशिला बन रहा है, जिससे 'सुशासन में समृद्ध किसान' का संकल्प साकार हो रहा है।

## टीईटी परीक्षा एक फरवरी को

**कोरबा ।** छ0ग0 व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित अमीन टीईटी परीक्षा 01 फरवरी को दो पाली में आयोजित होगी। प्रथम पाली 09.30 बजे से 12.15 तक जिले के 07 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी जिसमें 02 हजार 214 परीक्षार्थी शामिल होंगे। द्वितीय पाली दोपहर 03 बजे से शाम 05.45 बजे तक जिले के 14 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जायेगी। जिसमें 04 हजार 369 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## धान खरीदी में किसी भी परेशानी व शिकायतों हेतु हेल्पलाइन नंबर 9691901259'

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी का कार्य पूरी तरह सुगम, पारदर्शी एवं किसानहितैषी तरीके से किया जा रहा है। जिले के किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य सुनिश्चित कराने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। वर्तमान में जिले में 65 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से यह प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित है, जिससे अधिक से अधिक किसानों को समय पर सुविधा मिल रही है।

कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी की पूरी व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष व व्यवस्‍िह्नश्चठ्ठद्ब>थत बनी रहे। प्रशासन की प्राथमिकता है कि हर पंजीकृत किसान से उनकी पात्रता अनुसार धान की खरीदी सुनिश्चित हो तथा किसी भी स्तर पर कोई बाधा या अर्चन उत्पन्न न हो। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रकबा संशोधन, पंजीयन से संबंधित समस्या, भुगतान, उपार्जन केंद्रों से जुड़ी जानकारी या अन्य किसी भी प्रकार की शंका एवं शिकायत के निराकरण हेतु विशेष सहायता व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। किसान कार्यालयीन समय में मोबाइल नंबर 9691901259 पर संपर्क कर अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं और आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।

जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि वे निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर समय पर अपनी उपज के साथ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर हेल्पलाइन के माध्यम से त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। शासन एवं जिला प्रशासन किसानों की मेहनत की फसल का उचित मूल्य दिलाने और धान खरीदी की प्रक्रिया को सरल, तेज एवं भरोसेमंद बनाए रखने हेतु पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

# कांग्रेस और भूपेश बघेल बताने का कष्ट करे कि उनकी पार्टी किसानो के साथ खड़ी या अपराधी के साथ:नारायण चंदेल

**जांजगीर चांपा।** भाजपा कार्यालय जांजगीर मे आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल बोल रहे थे उन्होंने कहा किं कांग्रेस का अपराधियो को बचाने का पूराना धंधा एक बार फिर छत्तीसगढ़ की जनता के सामने आ गया है ।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत धोखाधड़ी के आरोपी कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहु का खुला समर्थन कर रहे है। जिन्होंने पीड़ित किसान का बयालीस लाख अठहत्तर हजार रुपए हड़पे। भाजपा इस शर्मनाक रवैया का पुरजोर विरोध करती है । न्यायालय ने पुख्ता प्रमाणो के आधार पर आरोपी को जेल भेजा है फिर भी कांग्रेस अपराधी के साथ खड़ी है । यह उनकी किसान विरोधी मानसिकता का प्रमाण है । आगे श्री चंदेल ने हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा अपराधियो का साथ देती रही है और किसानो कि हितैषी बनने का झूठा ढोंग करती है । अब कांग्रेस पार्टी और उसके नेता भूपेश बघेल चरणदास



महंत यह बताने का कष्ट करे कि वे अन्नदाता के साथ खड़ी है या फिर अपराधियो के साथ। भूपेश बघेल एवं नेता प्रतिपक्ष पीड़ित किसान राजकुमार शर्मा के पैसा खाने वाली आरोपी के साथ खड़ी होकर कांग्रेस की काली करतूतें उजागर कर रहे है । भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि किसानो के साथ धोखाधड़ी करने वाला विधायक बालेश्वर साहू तत्काल इस्तीफा देवे और कांग्रेस पार्टी उसे निष्कासित करे । जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू से संबंधित घटनाक्रम पर हाल के दिनो मे इस विषय को लेकर जिस प्रकार की भ्रांतियां राजनीतिक आरोप और भ्रम फैलाने की कोशिशें की जा रही है उनके बीच तथ्यों को सामने रखना अत्यंत आवश्यक हो गया है । सबसे पहले हम यह स्पष्ट करना चाहते है कि यह पूरा मामला कानून जांच और न्यायलय की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ है न कि किसी सार्वजनिक राजनीतिक दल की रणनीति या दबाव से बालेश्वर साहू के खिलाफ अलग अलग समय पर अलग अलग प्रकृति के तीन अपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए है और अब उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468, 471,एवं 34 के तहत आरोप दर्ज किए गए है।

इस आर्थिक भ्रष्टाचार के प्रकरण में जांच के दौरान सह आरोपी गौतम राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था जबकि विधायक बालेश्वर साहू उच्च न्यायालय मे याचिका लगाया था। न्यायालय ने जांच पूर्ण होने तक गिरफ्तारी न करने का निर्देश दिया था साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से जारी रहे जांच पूर्ण होने के पश्चात पुलिस ने कानून के अनुसार नोटिस जारी कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया और सभी साक्ष्यो व दस्तावेजो के अवलोकन के बाद न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया जिसके अंतर्गत आगे जेल भेजने की कार्यवाही हुई और यदि न्यायालय द्वारा आदेश पारित किया गया है तो उसका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है कांग्रेस पार्टी और उसके नेता लगातार जेल मे जाकर अपने पार्टी के अपराधी विधायक बालेश्वर साहू से बड़ी संख्या मे मिलकर नियमो का उल्लंघन जिस तरह कर रहे है वो पूर्णत:गलत है उक्त पत्रकार वार्ता मे जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े सरगुजा जिला संगठन प्रभारी कृष्णकांत चन्द्रा जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल जिला प्रवक्ता विकास शर्मा आई टी सेल संयोजक अनिल शर्मा उपस्थित रहे

## गणपत चौहान बने प्रदेश अध्यक्ष, संजय शर्मा को महासचिव की जिम्मेदारी



**जांजगीर चांपा।** ग्रामीण पत्रकारों के हितों के लिए देशभर में सक्रिय प्रमुख संगठन रूरल जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में अपने संगठनात्मक विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा कर दी है। संगठन के राष्ट्रीय नेतृत्व ने अनुभवी और सक्रिय पत्रकारों पर भरोसा जताते हुए राज्य इकाई की कमान सौंपी है।राष्ट्रीय नेतृत्व की स्वीकृति से गठित हुई नई टीम

RJAI के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह शेखावत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी के नामों पर अपनी औपचारिक स्वीकृति प्रदान की। वहीं संगठन के राष्ट्रीय महासचिव गणेश शर्मा ने अधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में कार्यरत पत्रकारों को संगठित करना तथा उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करना संगठन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष गणपत चौहान, प्रदेश महासचिव संजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गौरी शंकर गुप्ता, प्रदेश कोषाध्यक्ष बुधराम अग्रवाल को बनाया गया है। नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गणपत चौहान एवं प्रदेश महासचिव संजय शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि RJAI शीघ्र ही छत्तीसगढ़ के सभी जिलों एवं ब्लॉक स्तर तक संगठन का विस्तार करेगा, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण पत्रकार संगठन से जुड़ सकें।

**संगठन के मुख्य संकल्प**

पत्रकार सुरक्षा एवं अधिकार, ग्रामीण और संवेदनशील क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास - आधुनिक पत्रकारिता तकनीकों के लिए कार्यशालाओं का आयोजन। कल्याणकारी योजनाएँ - शासन की पत्रकार कल्याण योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पत्रकार तक पहुँचाना।

**ग्रामीण पत्रकारिता को मिलेगी नई पहचान**

राष्ट्रीय महासचिव गणेश शर्मा ने विश्वास व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ की यह नई प्रदेश कार्यकारिणी ग्रामीण पत्रकारिता को नई दिशा देगी और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मंच के रूप में कार्य करेगी।

## नरियरा: खेत में आगजनी से चारा जलकर बर्बाद

**जांजगीर।** नगर पंचायत नरियरा क्षेत्र में खेत में जानबूझकर आग लगाए जाने की गंभीर घटना सामने आई है, जिससे मवेशियों के चारे के रूप में रखे सूखे भूसे, पराली और हरे चारे को भारी नुकसान पहुंचा है। इस आगजनी से न केवल पशुपालकों को आर्थिक क्षति हुई है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान हुआ है।



नगर पंचायत नरियरा के वार्ड क्रमांक 1, मोहल्ला मोटू ढाबा क्षेत्र के समीप स्थित एक खेत में अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई। आग इतनी तेजी से फैली कि खेत में रखा सारा चारा जलकर राख हो गया। यह चारा आसपास के कई पशुपालकों के मवेशियों के लिए संग्रहित किया गया था, जिससे अब पशुओं के लिए चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। घटना के कारण क्षेत्र में धुएं का गुबार फैल गया, जिससे आसपास के रहवासियों को सांस लेने में परेशानी हुई। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में आग लगाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे वायु प्रदूषण के साथ-साथ छोटे जीव-जंतुओं और पक्षियों को भी नुकसान पहुंच रहा है।पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकार की आगजनी से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और इसका दीर्घकालीन दुष्प्रभाव कृषि पर पड़ता है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल प्रयास कर आग पर काबू पाया, जिससे आग आसपास के खेतों और बस्तियों तक फैलने से बच गई। हालांकि तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने प्रशासन से दोषियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए खेतों में आगजनी रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई:राजेश्री महन्त

### सरसीवां के दुबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए महामण्डलेश्वर

**शिवरीनारायण।** महामण्डलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज सरसींवा के दुबे परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए। यहां पहुंचने पर आयोजक परिवार के द्वारा बहुत ही आत्मियता पूर्वक स्वागत किया गया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने व्यास पीठ की पूजा अर्चना की, आचार्य ने भी चरण स्पर्श कर परम पूज्य गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रोता समूह को संबोधित करते हुए राजेश्री महन्त महाराज ने कहा कि - यहां पहुंचने के लिए कई दिनों से कार्यक्रम बना हुआ था किंतु अत्यधिक व्यस्तता के कारण नहीं आ पाया। आचार्य जी कह रहे थे कि विगत वर्ष भी इस कार्यक्रम में हम नहीं पहुंच पाए थे, सेवा का कार्य बहुत ही कठिन होता है?। श्री दूधाधारी मठ, श्री शिवरीनारायण मठ, श्री राजीव लोचन मंदिर सहित अनेक स्थानों की सेवा करने का उत्तरदायित्व इस शरीर को प्राप्त है। पूरे राज्य भर से सामाजिक, आध्यात्मिक, राजनीतिक, शैक्षणिक अनेक गतिविधियों से संबंधित निमंत्रण प्राप्त होते रहता है, जितना अधिक हो सकता है हम पहुंचने की हर संभव कोशिश करते हैं। कभी-कभी कुछ कार्यक्रम में हम चाह करके भी सम्मिलित नहीं हो पाते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने श्री रामचरितमानस में लिखा है कि राम कीन्ह चाहहिं सोइ होई। करें अन्यथा अस नहीं कोई।।* अर्थात भगवान श्री रामचंद्र जी जो चाहते हैं वही होता है उनकी इच्छा के विरुद्ध इस जगत में कोई भी कुछ



नहीं कर सकता ! आज उनकी कृपा हुई है, कुछ समय के लिए सही आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। व्यासपीठ पर विराजित आचार्य देवशरण दुबे जी महाराज ने कहा कि संत महात्माओं के चरण रज पड़ जाने से कार्यक्रम सफल हो जाता है। आज हमारा यज्ञ पूर्णत- सफल हुआ जिन पितरों के मोक्षार्थ यह कार्यक्रम आयोजित है उन सभी को मुक्ति मिलेगी। संत भगवान के ही स्वरूप होते हैं। भागवताचार्य पवन चतुर्वेदी जी ने इस अवसर पर कहा कि ज्ञान भक्ति श्रद्धा उनमें अनंत है, जिनका नाम राजेश्री महन्त है। भागवताचार्य शैल महाराज ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि आज महापुरुष के दर्शन से हम और हमारा परिवार, नाते रिश्तेदार कृतार्थ हुए हैं। इस अवसर पर विशेष रूप से रमेश दुबे, कमल दुबे, हितेश दुबे, नितेश दुबे, दिगंबर दुबे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, रामलोचन त्रिपाठी जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## 24 जनवरी तक थल सेना भर्ती रैली आयोजित

**जांजगीर-चांपा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी 2026 तक बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती रैली के लिए पूर्व में जून 2025 माह में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। सीईई में सफल अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती जांजगीर-चांपा जिले के सीईई उत्तीर्ण युवाओं की शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं 14 जनवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। जिसमें जीडी श्रेणी के 686 अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे। वहीं 21 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाली तकनीकी एवं ट्रेड्समैन के लिए 63 अभ्यर्थी युवा शामिल होंगे।

## बालेश्वर की तत्काल रिहाई के लिए साहू समाज की मांग

### राज्यपाल के नाम अतिरिक्त कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**जाँजगीर चांपा ।** जिला साहू समाज के दोबारा निर्विरोध निर्वाचित जिलाध्यक्ष और जैजैपुर क्षेत्र के विधायक बालेश्वर साहू की नि:शर्त रिहाई की माँग को लेकर साहू समाज ने राज्यपाल के नाम अतिरिक्त कलेक्टर जाँजगीर को ज्ञापन सौपा है। जिसमे सूक्ष्मता से जाँच कर नि:शर्त रिहाई की माँग किया गया है। ज्ञापन देने से पूर्व समाज के लोगो ने सरकार द्वारा की गई द्वेष पूर्ण कार्यवाही का विरोध किया है।

इस अवसर पर साहू समाज के वक्ताओं ने इसे साहू समाज को हतोत्साहित करने व युवा नेतृत्व को कुचलने का कुचक्र बताया आगे कहा कि साहू समाज को प्रताड़ित करना सरकार को भारी पड़ेगा समय पर उचित तरीके से साहू समाज जवाब देगी। इस अवसर पर हेमंत साहू कोषाध्यक्ष जिला साहू समाज,तहसील अध्यक्षगण मनोज साहू,राजेंद्र साहू,शिव कुमार साहू,रामचरण साहू,ईश्वर साहू,रामकुमार साहू,परिक्षेत्र अध्यक्षगण गजानंद साहू,जीत राम साहू,दशरथ साहू,भूपेन्द्र साहू,संतोष साहू,जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर साहू,हेमलता साहू,रत्ना साहू,सुभद्रा साहू,वीना साहू,सरोज साहू,चोला बाई साहू,हरप्रसाद साहू, बोधराम साहू,अशोक साहू,भारती साहू, रिखीराम साहू,भानु नाथ साहू,गणेश राम साहू, मनोज साहू,पवन साहू,राजकुमार साहू,दिनेश्वर साहू, सुरेश साहू,रामकुमार साहू, सकून साहू, सन्नी साहू,मनहरण साहू, इतवार साय साहू, ईश्वरी साहू, संजय साहू, बाबू राम साहू,जीत राम साहू, उमेश साहू शिव कुमार साहू,दौलत साहू, घासीराम साहू सहित सैकड़ो साहू बंधु उपस्थित थे।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वर्ष 2025-26

### विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम का वर्ष परिवर्तन की प्रस्तुत आवेदनों को मिला अनुमोदन

**जांजगीर-चांपा।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (कालेज स्तर) का पंजीयन, स्वीकृति एवं भुगतान विभागीय पोर्टल https://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ के माध्यम से किया जा रहा है। वर्ष 2025-26 में ऐसे विद्यार्थी जो संस्था परिवर्तन, पाठ्यक्रम परिवर्तन, संस्था एवं पाठ्यक्रम दोनों परिवर्तन तथा पाठ्यक्रम का वर्ष परिवर्तन हेतु कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किए थे। उन आवेदनों को शासन द्वारा अनुमोदन प्रदाय कर दिया गया है।सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने विद्यार्थियों को सूचित किया है कि वे तत्काल अपना छात्रवृत्ति आवेदन पूर्ण कर अध्ययनरत् संस्था में जमा कराते हुए छात्रवृत्ति स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें। विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 है। निर्धारित समयावधि में आवेदन नहीं करने पर वर्ष 2025-26 की छात्रवृत्ति स्वीकृत नही हो पाएगी जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित छात्र की होगी। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर संबंधित विद्यार्थी मोबाइल नंबर पर कार्यालयीन समय अवधि में संपर्क कर सकते है।

## ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, में राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष गतिविधि आयोजित



**जांजगीर नैला।** ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, बनारी, जाँजगीर में संस्था के संचालक आलोक अग्रवाल, डॉ गिरिराज गढ़ेवाल एवं प्राचार्या श्रीमती सोनाली सिंह जी के निर्देशन में 12 जनवरी 2026 को "राष्ट्रीय युवा दिवस" बड़े ही उत्साह, उमंग और प्रेरणादायक वातावरण में मनाया गया। यह दिवस महान चिंतक, दार्शनिक और युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रनिर्माण, आत्मविश्वास, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: विद्यालय प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जैसे प्रेरक विचारों का सामूहिक वाचन किया गया। विद्यालय का वातावरण देशभक्ति और युवा चेतना से ओत-प्रोत दिखाई दिया। इस अवसर पर कक्षा-9वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना प्रांगण में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वामी विवेकानंद जी के उद्देश्यों को समझाने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि किस प्रकार स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को आत्मबल, साहस और सेवा भावना का मार्ग दिखाया। विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा गया कि शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण ही सच्ची सफलता की कुंजी है। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। राष्ट्रीय युवा दिवस का यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक सिद्ध हुआ और उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ किया गया। सम्पूर्ण गतिविधि के सफल संचालन में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों, एडमिन स्टॉफ एवं ग्राउंड लेवल स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

## मड़वा प्लांट के पास हाइवा पलटा, चालक की हुई मौत

**जांजगीर।** मड़वा पावर प्लांट के गेट के पास सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई। घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के पीछे साइड के गेट के पास हुई, जहां हाईवा- सीजी 11 बीएल 5671 अनियंत्रित होकर पलट गया था। ग्राम जर्वे (ब) निवासी प्रह्लाद केंवट पिता हंसराज (50) रात में मड़वा पावर प्लांट से राखड़ लेकर बाहर निकल रहा था। वह गेट पर टोकन कटवाने के लिए गाड़ी रोककर पर्ची कटवाने गया था। गाड़ी को पार्क करते समय लगाया हैंड ब्रेक पूरी तरह से नहीं लगा था। इसके चलते ढलान पर गाड़ी पीछे की ओर लुढ़कने लगी। उसने केबिन में चढ़ने की कोशिश की और तभी गाड़ी पलट गई और वह केबिन के नीचे दब गया। घटना के बाद दूसरे ड्राइवर और कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाला। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नायब तहसीलदार ने परिजनों को 25 हजार रुपए की सहायता राशि दी।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे ने ली ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के संदर्भ में जिले में कार्यवाही की जा रही है। इसके संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्तियों, सी-केटेगरी (नो मैपिंग) में चिन्हांकित मतदाताओं को जारी नोटिस एवं उनकी तामिली की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि चिन्हांकित मतदाताओं को बीएलओ के माध्यम से नोटिस जारी कर सुनवाई की कार्यवाही की जा रही है।

कलेक्टर ने सभी ईआरओ, एईआरओ, अतिरिक्त एईआरओ को निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण की सभी कार्यवाही समय-सीमा में, पारदर्शिता एवं आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार पूर्ण की जाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम जोड़ने से वंचित न रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री महोबे ने स्कूल-कॉलेज एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में फॉर्म-6 को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, ताकि नए एवं पात्र मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर, ईआरओ, एईआरओ सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान खरीदी को लेकर एसडीएम, तहसीलदार व अधिकारियों की समीक्षा बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी व्यवस्था की समीक्षा को लेकर एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में धान उपार्जन की प्रगति, टोकन सत्यापन, स्टेकिंग एवं भौतिक सत्यापन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी शासन की प्राथमिक है, इसलिए इस कार्य में पूर्ण सतर्कता एवं पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों में वास्तविक किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में भौतिक सत्यापन कार्य पूरी सावधानी के साथ करने कहा। कलेक्टर ने स्टेकिंग कार्य को निर्धारित मापदंडों के अनुसार कराने पर भी विशेष जोर दिया।

## 328 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बना

**जांजगीर।** 37वें सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज पुलिस नियंत्रण कक्ष जांजगीर में यातायात पुलिस और जिला परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लर्निंग लाइसेंस और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट कैम्प का सफल आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस शिविर में कुल 328 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाया, जिससे यह एक दिन का सबसे बड़ा लाइसेंस शिविर साबित हुआ। शिविर में नागरिकों को एचएसआरपी नंबर प्लेट के महत्व, यातायात नियमों का पालन और सुरक्षित वाहन संचालन के बारे में जानकारी दी गई।

## अवैध रेत उत्खनन, परिवहन व भंडारण पर की जा रही लगातार कार्वाई, 01 चैन माउंटेन व 01 ट्रैक्टर जब्त

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व एवं खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण करने वाले वाहनों, स्थानों का औचक निरीक्षण कर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज संयुक्त दल द्वारा तहसील जांजगीर के ग्राम लछनपुर के रेत घाट में अवैध उत्खनन पर कार्यवाही करते हुए एक चैन माउंटेन एवं एक ट्रैक्टर को जब्त कर सीलिंग की कार्यवाही की गई।

खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की गई है।

## अनमोल वचन......

बहुत से लोग अवसर के बजाय सुरक्षा के बारे में सोचते हैं। वे मौत से ज़्यादा ज़िंदगी से डरते हैं।

# जमानत का पैमाना

खालिद और इमाम पांच साल से जेल में हैं, जबकि निचली अदालत में मुकदमे की जिरह तक अभी शुरू नहीं हुई है। क्या यह सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी नहीं है कि वह ऐसी देर के लिए भी जवाबदेही तय करे। फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के सिलसिले में गिरफ्तार नौजवानों की जमानत अर्जी पर फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने एक पैमाना कायम किया है। कोर्ट ने 'घटना में भागीदारी के श्रेणी क्रम' के आधार पर तय किया कि पांच अभियुक्तों को जमानत दे दी जाए, लेकिन उमर खालिद और शरजील इमान को यह लाभ नहीं मिल सकता। साथ ही कोर्ट ने नागरिक अधिकारों के लिहाज से यह चिंताजनक व्यवस्था दी कि अवैध गतिविधि निरोधक कानून (यूएपीए) से जुड़े मामले की सुनवाई में देर जमानत का आधार नहीं बन सकती। बेहतर होता कि कोर्ट इस पर भी कोई टिप्पणी करता कि यह देर आखिर किस हद तक स्वीकार्य हो सकती है।

खालिद और इमाम पांच साल से अधिक समय से जेल में हैं, जबकि निचली अदालत में मुकदमे की जिरह तक अभी शुरू नहीं हुई है। क्या यह सुप्रीम कोर्ट की जिम्मेदारी नहीं है कि वह ऐसी देर के लिए भी जवाबदेही तय करे। वरना, मुकदमे की प्रक्रिया ही दंड बन जाती है। वैसे सवाल यह भी है कि जब निचली अदालत में साक्ष्य का न्यायिक परीक्षण अभी नहीं हुआ है, तो फिर यह किस आधार पर तय किया जा सकता है कि किसी घटना में किस अभियुक्त की भागीदारी का स्तर क्या था। बल्कि निचली अदालत में तो दिल्ली दंगों के कुछ मामलों में पेश चार्जशीट और पुलिस जांच की गुणवत्ता पर न्यायाधीशों ने गंभीर सवाल उठाए हैं।

मुकदमे की कार्यवाही में उपरोक्त अभियुक्तों से संबंधित मामलों के साक्ष्य नहीं टिके, तो उनके जीवन के जो वर्ष जेल में गुजर रहे हैं, उसकी कैसे भरपाई होगी। दिल्ली दंगों के पीछे किसका हाथ था, इस बारे में अभी सिर्फ अभियोग पक्ष की सोच सामने है। अभियुक्तों की सोच मुकदमे में जिरह के दौरान सामने आएगी। दंगों के पीछे कौन था और किसने क्या भूमिका निभाई, इन सभी मुद्दों पर अभी कुछ तयशुदा रूप में नहीं कहा जा सकता। इसलिए उसकी साजिश में भागीदारी या उसमें श्रेणीबद्ध भूमिका की सारी बातें फिलहाल इल्जाम ही है। मगर सुप्रीम कोर्ट ने इसे ही जमानत का पैमाना बनाया है। नागरिक स्वतंत्रताओं के लिए यह चिंताजनक खबर है।

## राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को प्रोग्राम बनायेंगे और यह सोचकर आप पूरा दिन खुश रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आप खूब मन लगाकर काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे, आपका पूरा दिन व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी खूबसूरत जगह पर घूमने जायेंगे, इससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर एक परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे।

मिथुन राशि:आज का दिन आपके लिए सुनहरा होगा। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आपको यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएं ऐसा कुछ नहीं होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है।

कर्क राशि:आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए लाभकारी साबित होगा। आज के दिन आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे आज फालतू कामों में व्यस्तता रहेगी। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

कन्या राशि :आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपके जिगरी दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आज आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज आपकी कर्मठता की वजह से लोगों के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से मनपसंद सामान खरीदेंगे। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

वृश्चिक राशि :आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने लक्ष्य पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

धनु राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे और आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगो का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे । इस राशि की महिलाएं अपने बिजनेस में एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा।

मकर राशि : आपके लिए आज का दिन मिले जुले अनुभव देने वाला रहेगा। आज आपके तय किए गये काम नियत समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद को प्रसन्नता होगी ।लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है, लेकिन यह समय धैर्य पूर्वक काटने से जल्द ही सब कुछ नार्मल हो जायेगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्य क्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं।

मीन राशि:आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से बात चीत करते समय अपने गुस्से पर काबू रखें। आज यात्रा का योग बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें।

# गिग-वर्कर्सः डिजिटल सुविधा की चकाचौंध में पसीने का अंधेरा

//ललित गर्ग //

**भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं।ऑनलाइन बाज़ार और त्वरित सेवाओं के इस दौर में गिग-वर्कर्स शहरी जीवन-व्यवस्था की वह अदृश्य रीढ़ बन चुके हैं, जिनके बिना 'दस मिनट में डिलीवरी' और 'एक क्लिक पर सुविधा' की कल्पना भी नहीं की जा सकती। बाज़ार आने-जाने के झंझट से लोगों को मुक्त करने वाले ये युवा हर मौसम, हर समय और हर जोखिम में घर-घर सामान पहुँचाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जिनके श्रम पर डिजिटल अर्थव्यवस्था की ऊँची इमारत खड़ी है, वही श्रमिक सबसे अधिक असुरक्षा, शोषण और उपेक्षा झेल रहे हैं।**

नये साल की पूर्व संध्या पर गिग-वर्कर्स द्वारा की गई हड़ताल ने भले ही देशव्यापी आपूर्ति-श्रृंखला को ठप न किया हो, लेकिन इसने उनकी बदहाल कार्य-परिस्थितियों की ओर देश का ध्यान अवश्य खींचा है। यह हड़ताल किसी राजनीतिक उकसावे का परिणाम नहीं, बल्कि लगातार बढ़ते काम के दबाव, घटते मेहनताने, नौकरी की अनिश्चितता और सम्मान के अभाव की स्वाभाविक प्रतिक्रिया थी।

अपना व परिवार का पोषण करने वाले इन युवा गिग-वर्कर्स को अकसर सरपट दौड़ती मोटरसाइकिलों पर, भारी थैलों के साथ ऊँची इमारतों की सीढ़ियाँ चढ़ते देखा जा सकता है। समय सीमा का दबाव इतना तीव्र होता है कि ज़रा-सी देरी पर आर्थिक दंड झेलना पड़ता है। दुर्घटना, बीमारी या तकनीकी गड़बड़ी-किसी भी स्थिति में उनकी आय पर सीधा असर पड़ता है। ग्राहकों का व्यवहार भी प्रायः असंवेदनशील होता है। देर होने पर झिड़कियाँ, सामान में कमी निकालकर अपमान, कभी-कभी हिंसक व्यवहार और रेटिंग के ज़रिये भविष्य की कमाई पर प्रहार-यह सब इनके रोज़मर्रा का हिस्सा है। इसके बावजूद औसतन 12-14 घंटे काम करने के बाद भी सात-आठ सौ रुपये की आय और वह भी बिना समुचित बीमा या सामाजिक सुरक्षा के एक गहरे शोषण की ओर इशारा करती है।

गिग वर्कर्स वे लोग होते हैं जो पारंपरिक नौकरी के बजाय अस्थायी, लचीले और स्वतंत्र रूप से छोटे-छोटे काम (गिग्स) करते हैं, जो अक्सर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे ऊबर, स्वीग्गी, जोमाटोज् या अन्य ऐप्स के ज़रिए मिलते हैं और इन्हें प्रति कार्य या प्रोजेक्ट के हिसाब से भुगतान मिलता है, न कि नियमित वेतन। इन श्रमिकों के पास कोई स्थायी रोजगार अनुबंध नहीं होता और वे खुद के बॉस की तरह काम करते हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक सुरक्षा (जैसे स्वास्थ्य बीमा, पेंशन) जैसे लाभ नहीं मिलते। गिग वर्कर्स की चुनौतियाँ एवं मजबूरियां ज्यादा है, आय कम। आय की अनिश्चितता, सामाजिक सुरक्षा लाभों (जैसे बीमारी, दुर्घटना, पेंशन) का अभाव, श्रम अधिक-भुगतान कम, कामकाजी घंटों और मजदूरी को लेकर अक्सर विवाद। गिग वर्कर्स गिग इकॉनमी का हिस्सा हैं, जहाँ वे अपनी मर्ज़ी से छोटे-छोटे, अस्थायी काम करके पैसे कमाते हैं, जो पारंपरिक 9-से-5 की नौकरी से अलग होता है। गिग वर्कर का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति जो आमतौर पर सेवा क्षेत्र में एक स्वतंत्र ठेकेदार या फ्रीलांसर के रूप में अस्थायी काम करता है जो पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर काम करता है या कार्य व्यवस्था में भाग लेता है और ऐसी गतिविधियों से कमाई करता है।

निस्संदेह, गिग अर्थव्यवस्था ने रोजगार सृजन की अपनी क्षमता दिखाई है। आज भारत में गिग-वर्कर्स की संख्या सवा करोड़ से अधिक है और अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या दो करोड़ पैंतीस लाख तक पहुँच सकती है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि बेरोजगारी के बढ़ते दौर में पढ़े-लिखे युवा इस व्यवस्था में 'विकल्प' के रूप में नहीं, बल्कि 'मजबूरी' में प्रवेश कर रहे हैं। जिस देश को युवाओं का देश कहा जाता है, वहाँ शिक्षित युवाओं का अस्थायी, असुरक्षित और सम्मानहीन श्रम-व्यवस्था में फँसना न केवल चिंताजनक, बल्कि शर्मनाक भी है। यह स्थिति बताती है कि हमारी विकास-नीतियाँ रोजगार की गुणवत्ता पर नहीं, केवल संख्या पर केंद्रित हैं। गिग-वर्कर्स की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि कंपनियाँ उनसे पूरा काम लेती हैं, लेकिन उन्हें पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंध के दायरे में स्वीकार नहीं करतीं। उन्हें 'स्वतंत्र कामगार' कहकर नियुक्ति, स्थायित्व, बीमा और न्यूनतम वेतन जैसी जिम्मेदारियों से बचा जाता है। हायर एंड फायर की नीति, एल्गोरिदम आधारित नियंत्रण, रेटिंग सिस्टम और प्रोत्साहन के नाम पर लालच-ये सब मिलकर एक ऐसी अदृश्य जकड़न पैदा करते हैं, जिसमें श्रमिक स्वतंत्र दिखता है, लेकिन वास्तव में पूरी तरह नियंत्रित होता है। हड़ताल के दौरान भी अतिरिक्त प्रोत्साहन देकर या ऑर्डर बढ़ाकर श्रमिक एकता को कमजोर कर दिया जाता है। 31 दिसंबर को एक प्रमुख खाद्य वितरण कंपनी द्वारा रिकॉर्ड ऑर्डर दर्ज किया जाना इसी विडंबना को उजागर करता है। हाल के दिनों में संसद में भी गिग-वर्कर्स के शोषण का मुद्दा उठा है। सांसद राघव चड्ढा और मनोज कुमार झा जैसे नेताओं ने इस वर्ग की दयनीय स्थिति पर ध्यान दिलाया है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि नीति-निर्माण की प्रक्रिया में जब तक इन श्रमिकों की आवाज़ शामिल नहीं होगी, तब तक सुधार अधूरे रहेंगे।

भारत सरकार द्वारा हालिया श्रम सुधारों में पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स को कानूनी रूप से परिभाषित किया गया है। एग्रीगेटर कंपनियों के टर्नओवर का एक से दो प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कोष में योगदान, आधार से जुड़े सार्वभौमिक खाता नंबर जैसी व्यवस्थाएँ एक लंबे समय से प्रतीक्षित कदम हैं। लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रावधान वास्तव में गिग-वर्कर्स के जीवन में ठोस बदलाव ला पाएँगे। या फिर ये केवल काग़ज़ी सुधार बनकर रह जाएँगे। जब तक न्यूनतम आय, कार्य-घंटों की सीमा, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुरक्षा और शिकायत निवारण की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित नहीं होती, तब तक इन सुधारों को परिवर्तनकारी नहीं कहा जा सकता।

31 दिसंबर की हड़ताल भले ही पूरी तरह सफल न रही हो, लेकिन वह नैतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह जायज़ थी। यह हड़ताल व्यवस्था को बाधित करने से अधिक, व्यवस्था के भीतर छिपे अन्याय, शोषण की वृत्ति एवं दोगलेपन को उजागर करने का प्रयास थी। गिग-वर्कर्स ने यह संदेश दिया कि वे केवल 'डिलीवरी बॉय' नहीं, बल्कि श्रमशील नागरिक हैं, जिनके अधिकारों की अनदेखी अब और नहीं की जा सकती। निश्चित ही डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य गिग-वर्कर्स के बिना संभव नहीं है। इसलिए यह ज़रूरी है कि नीति-निर्माता, कंपनियाँ और उपभोक्ता-तीनों अपनी भूमिका पर आत्ममंथन करें। कंपनियों को लाभ के साथ जिम्मेदारी भी स्वीकार करनी होगी, सरकार को कानूनों का सख्त क्रियान्वयन सुनिश्चित करना होगा और उपभोक्ताओं को सुविधा के साथ संवेदनशीलता भी अपनानी होगी। यदि हम गिग-वर्कर्स को केवल सुविधा का साधन मानते रहे और उन्हें सम्मान, सुरक्षा व स्थायित्व नहीं दिया, तो यह केवल श्रमिकों का नहीं, बल्कि हमारी विकास-कल्पना का भी संकट होगा। विकसित भारत, उन्नत भारत एवं समृद्ध भारत के नाम पर एक बदनुमा दाग होगा।

डिजिटल भारत की असली परीक्षा यही है कि वह अपने सबसे तेज़ दौड़ने वाले श्रमिकों को कितना सुरक्षित और सम्मानित जीवन दे पाता है तेज़ी से फैलती ऑनलाइन सेवाओं की दुनिया में गिग-वर्कर्स की कार्य-सेवाओं को अब अनौपचारिक नहीं, बल्कि नियोजित, मान्यताप्राप्त और सम्मानजनक श्रम के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए। उनकी मेहनत का उचित और सुनिश्चित भुगतान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और सामाजिक सुरक्षा कोई दया नहीं, बल्कि उनका अधिकार है, जिसमें सरकार को निर्णायक हस्तक्षेप करना ही होगा। मुनाफ़े की अंधी दौड़ में लगी बड़ी कॉरपोरेट कंपनियों को यह समझना होगा कि श्रम केवल लागत नहीं, बल्कि व्यवस्था की आत्मा है; शोषण की मानसिकता छोड़कर संवेदनशीलता और जवाबदेही अपनाए बिना कोई भी डिजिटल विकास टिकाऊ नहीं हो सकता। यदि गिग-वर्क को गरिमा, सुरक्षा और स्थायित्व के साथ विकसित किया जाए, तो यही सेवाएँ मजबूरी का प्रतीक नहीं, बल्कि रोज़गार की एक आदर्श और मानवीय व्यवस्था बन सकती हैं, जहाँ सुविधा केवल उपभोक्ता को नहीं, सम्मान कामगार को भी मिले।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले से उठा सवाल, क्या ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख दिया है?

//नीरज कुमार दुबे//

**डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करने का दावा किया है। यह अंतरराष्ट्रीय जगत में एक संवेदनशील और ऐतिहासिक घटनाक्रम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई और सैन्य हमले किये हैं।**

ट्रंप ने कहा है कि मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है तथा देश से निकाल दिया गया है और वे अगली कानूनी प्रक्रिया के लिये अमेरिका ले जाये गये हैं। इस कार्रवाई को ट्रंप ने अपनी योजना के मुताबिक सफल बताया है तथा इसे वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। हालांकि हमले के विवरण और ठोस प्रमाण अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

वहीं वेनेजुएला सरकार ने इसे अमेरिकी सैन्य आक्रमण तथा आंतरिक संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही वेनेजुएला में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गयी है तथा नागरिकों से व्यापक विरोध और प्रतिरोध की अपील की गयी है। इस बीच, विश्व समुदाय के कई देश इस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, कुछ ने इसे कूटनीति की आवश्यकता बताया है जबकि रूस, चीन तथा अन्य ने कड़ी निंदा की है।

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। जब किसी देश का नेता बिना संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध, बिना स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय विधिक अधिकरण के निर्देश और बिना अन्तरराष्ट्रीय समुदाय की सहमति के किसी दूसरे देश में सैन्य हस्तक्षेप कर उसके सर्वोच्च नागरिक नेतृत्व को हटा देता है तो यह कृत्य न केवल उन मूलभूत मानकों का उल्लंघन है जिन पर आधुनिक विश्व राजनीति टिकी हुई है बल्कि यह नए वैश्विक संकटों के लिये एक मिसाल भी स्थापित करता है। पहला सवाल यह है कि क्या ट्रंप का कदम जायज है। क्या ऐसा किसी भी न्यायिक या राजनीतिक मानक पर सही ठहराया जा सकता है। देखा जाये तो संप्रभुता किसी भी वैश्विक समझ का मूल आधार है और किसी भी देश की आंतरिक व्यवस्थाओं के प्रति बाहरी हस्तक्षेप को तभी वैध ठहराया जा सकता है जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भीतर व्यापक बहुमत द्वारा अनुमोदित हो या जब प्रत्यक्ष एवं सुनिश्चित मानवाधिकार संकट हो। नरसंहार या बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध की स्थितियों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसी स्वीकृति मिल सकती है लेकिन वेनेजुएला में ऐसे कोई हालात नहीं थे। वेनेजुएला की परिस्थिति चाहे जितनी भी विवादास्पद और जटिल रही हो, अमेरिका का यह एकतरफा सैन्य निर्णय अंतरराष्ट्रीय क़ानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों के सीधे विपरीत है। इसे केवल एक देश के भीतर मानवीय संकट या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के समाधान के रूप में पेश करना नास्तिकता के समान है। ट्रंप प्रशासन के पास यदि मादुरो के खिलाफ वाकई मजबूत सबूत थे तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय न्यायालय या किसी बहुपक्षीय मंच पर प्रस्तुत किया जाना चाहिये था न कि अपने देश की सैन्य ताकत का उपयोग कर सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए था। दूसरा सवाल यह है कि क्या कूटनीति की दुनिया में इस कदम को उचित कहा जा सकता है? देखा जाये तो कूटनीति वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक तनावों तथा सत्ता के संघर्षों को बातचीत, समझौते और मध्यस्थता के ज़रिये सुलझाने की कला है। कूटनीति कभी प्रत्यक्ष हिंसात्मक उपायों को प्रोत्साहित नहीं करती। यदि अमेरिका को वास्तव में वेनेजुएला की वर्तमान प्रणाली में विसंगतियाँ और समस्यायें दिखतीं थीं तो उसके लिये संयुक्त राष्ट्र, ओएएस या किसी अन्य बहुपक्षीय संगठन के साथ मिलकर दबाव बनाना अधिक न्यायोचित और प्रभावी विकल्प होता। इसलिए ट्रंप प्रशासन का यह कदम कूटनीति की भावना का उल्लंघन है और यह उन सभी प्रयासों को भी बेअसर करता है जो शांति, संयम और सामूहिक समाधान की ओर इंगित करते हैं। जब राजनयिक रास्ता खुला रहता है तो हवाई हमले, बमबारी और अस्थिरता फैलाने वाले कदम किसी भी सभ्य कूटनीतिक प्रणाली का अंग नहीं बन सकते।

अब तीसरा सवाल यह है कि आगे वेनेजुएला का क्या होगा। देखा जाये तो उस देश का एक अस्थिर भविष्य बेहद संभावित है। हिंसात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के भीतर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ और भी भयावह हो सकती हैं। यह देश पहले ही आर्थिक मंदी, मुद्रास्फीति तथा सामाजिक असंतोष का शिकार है, ऐसे में एक बाहरी सैन्य हमले से जनता का मनोबल गिर सकता है, नागरिक प्रतिरोध भड़क सकता है तथा आंतरिक संघर्ष और अधिक गहरा हो सकता है। इसके अलावा यह कदम लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीय स्थिरता को भी दहला सकता है और पड़ोसी देशों को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर सकता है।

चौथा सवाल अंतरराष्ट्रीय सामरिक प्रभावों से संबंधित है। देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की यह नीति, वैश्विक सामरिक संतुलन पर लंबी अवधि में गंभीर प्रभाव डाल सकती है। ट्रंप द्वारा ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हुए धमकी देना और अब वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप जैसे कदम यह संकेत देते हैं कि अमेरिका एक ऐसा वैश्विक प्रहरी बनने की इच्छा रखता है जो अपने हितों को थोपने के लिये सैन्य बल का उपयोग करता है यह विश्व को दोध्रुवीकृत कर सकता है। निश्चित ही यह सब अमेरिका की विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का काम करेगा। रूस, चीन और अन्य राष्ट्र पहले ही अमेरिका के इस कदम की निंदा कर चुके हैं तथा इसे सामरिक आक्रमण बता रहे हैं। देखा जाये तो वैश्विक सुरक्षा तंत्र पहले से ही तनावों और विभाजनों से जूझ रहा है, ऐसे में एक प्रमुख सुपरपावर द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ हमला करना वैश्विक शासन और सहयोग के लिये एक गंभीर प्रश्न छोड़ता है। देखा जाये तो अंतरराष्ट्रीय न्याय और मानवाधिकार का सम्मान केवल शब्दों में नहीं होना चाहिए बल्कि उसे कार्यनीतिक फैसलों और कार्रवाईयों में भी प्राथमिकता दी जानी चाहिये। एक अनियंत्रित और एकतरफा सैन्य कार्रवाई का समर्थन करना दीर्घकालीन वैश्विक स्थिरता, शांति तथा न्याय की भावना के खिलाफ होगा। ट्रंप के इस निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मनमाने ढंग से सेना, हथियार तथा सैन्य बल की धमकी का प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग को कमजोर करता है तथा विश्व समुदाय के विश्वास को तोड़ता है। इसलिए वर्तमान परिस्थिति में वैश्विक समुदाय को संयम, संवाद और न्यायिक प्रक्रिया की ओर लौटना चाहिए तभी हम एक बेहतर, अधिक सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत विश्व की कल्पना कर सकते हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



राज्य के 8 युवाओं और एक संगठन को मिला छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान।



नागपुर में नगर निगम चुनावों के लिए चुनाव प्रचार के आखिरी दिन, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के रोड शो के दौरान एक समर्थक ने पोस्टर पकड़े हुए हैं।



कोलकाता में विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित एक मार्च के दौरान लोग बैनर पकड़े हुए हैं, जिसमें वेनेजुएला में अमेरिकी आक्रामकता और साम्राज्यवाद का विरोध किया जा रहा है।



डिप्टी चीफ मिनिस्टर डीके शिवकुमार दूसरे नेताओं के साथ 'एमजीएनआरईजीए बचाओ संग्राम' के दौरान।



शिवसेना नेता नीलम गोरहे, सबसे दाईं ओर, पुणे, महाराष्ट्र में पुणे नगर निगम चुनाव से पहले एक जनसभा के दौरान।

# सनातन धर्म को मिटाना आसान नहीं, यह अमर है सोमनाथ मंदिर को लेकर अमित शाह का बड़ा बयान



**नईदिल्ली, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म, संस्कृति और जनमानस की आस्था को मिटाना आसान नहीं है। उन्होंने सदियों से सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने के बार-बार प्रयासों के बावजूद इसके पुनर्निर्माण का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर पर हमला करने वाले अंततः गायब हो गए, लेकिन मंदिर आज भी गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में समुद्र तट पर उसी स्थान पर शान से खड़ा है।वह गांधीनगर जिले के मानसा में 267 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा कि 16 बार नष्ट होने के बावजूद सोमनाथ मंदिर आज भी शान से खड़ा है और उसका झंडा आसमान में लहरा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वहां एक भव्य सोमनाथ कारिडोर का निर्माण भी किया जा रहा है। यह पूरी दुनिया को संदेश है कि भारत के सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और भारतीय जनता की आस्था को मिटाना इतना आसान नहीं है। यह सूर्य और चंद्रमा की तरह शाश्वत और अमर है।

सोमनाथ मंदिर भारत की आस्था, विश्वास और गौरव का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पूरे साल मनाया जाएगा। देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एक हजार साल पहले हमारे भव्य सोमनाथ मंदिर को महमूद गजनी ने नष्ट कर दिया था। इसके बाद अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, महमूद बेगड़ा और औरंगजेब जैसे अन्य आक्रमणकारियों ने इस पर बार-बार हमले किए। लेकिन मंदिर का हर बार पुनर्निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि विध्वंसक विनाश में विश्वास रखते थे, और निर्माता सृजन में।शाह ने कहा कि आजादी के बाद सरदार वल्लभभाई पटेल, जामनगर के महाराजा केएम मुंशी और देश के पहले राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के प्रयासों से इस मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ। इन सभी ने इसे पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया था। इस संकल्प के पीछे यह भावना थी कि सोमनाथ पर हमला केवल एक मंदिर पर हमला नहीं था, बल्कि यह हमारी आस्था, हमारे धर्म और आत्मसम्मान पर हमला था।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में गुजरात सरकार की ओर से 362 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाने वाली बायो कंटेनमेंट सुविधा वाली अंतरराष्ट्रीय तकनीक से युक्त बायो सेफ्टी लैब-4 तथा एनिमल बायो सेफ्टी लेवल लैब का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि पुणे की लैब के बाद गांधीनगर स्थित बीएसएल-4 प्राणघातक वायरस की पहचान करने और पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों की रोकथाम में अहम भूमिका निभाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीक से युक्त यह लैब शोधकर्ता युवाओं के लिए भी नए अवसर खोलेगी। उन्होंने बताया कि 2014 में भारत में स्टार्टअप की संख्या 500 से कम थी, लेकिन आज ये दस हजार के पार हो गए हैं। इनक्युबेटर की संख्या छह से 95 तथा इनक्युबेशन स्पेस 60 हजार वर्गफीट से बढ़कर नौ लाख वर्गफीट हो गया है। जबकि इस क्षेत्र में निजी निवेश 10 करोड़ से बढ़कर 7000 करोड़ रुपये पहुंच गया है। पेटेंट फाइलिंग की संख्या 125 से बढ़कर 1300 से अधिक हो गई है। इससे पता चलता है कि भारत का युवा अब जॉब क्रिएटर बन रहा है।

# आरटीई के तहत 25 प्रतिशत आरक्षण लागू करना राष्ट्रीय मिशन हो, सुप्रीम कोर्ट ने दिया राज्य सरकारों को निर्देश



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के बच्चों को शिक्षा में प्रवेश देना राष्ट्रीय मिशन होना चाहिए।कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे निजी गैर-अल्पसंख्यक, अनुदान-रहित स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षण के प्रविधान को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए स्पष्ट नियम और विनियम तैयार करें।न्यायमूर्ति पीएम नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के बच्चों को प्रवेश देना संबंधित सरकार और स्थानीय प्राधिकरण का दायित्व है। साथ ही, अदालतों को भी ऐसे मामलों में अभिभावकों को त्वरित और प्रभावी राहत देने के लिए एक कदम अतिरिक्त चलना चाहिए।पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि 2016 में सीटें उपलब्ध होने के बावजूद उसके बच्चों को पड़ोस के स्कूल में आरटीई के तहत मुफ्त शिक्षा में प्रवेश नहीं मिला। बॉम्बे हाईकोर्ट ने ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन न करने के आधार पर याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि ऑनलाइन आवेदन प्रणाली, डिजिटल निरक्षरता, भाषा बाधा, हेल्पडेस्क की कमी, सीटों की जानकारी का अभाव और शिकायत निवारण व्यवस्था की अस्पष्टता जैसे कारणों से कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित सीटें व्यवहार में पहुंच से बाहर हो जाती हैं।अदालत ने कहा कि स्पष्ट और बाध्यकारी नियमों के बिना संविधान के अनुच्छेद 21ए (शिक्षा का अधिकार) और आरटीई अधिनियम की धारा 12(1)(स) का उद्देश्य निष्प्रभावी रह जाएगा। इसलिए, धारा 38 के तहत एनसीपीसीआर, राज्य बाल अधिकार आयोगों और सलाहकार परिषदों से परामर्श कर नियम बनाए जाएं।

# वाराणसी में 8 साल की बच्ची के दुष्कर्मी फिरोज को 20 साल की जेल, 3 साल बाद आया कोर्ट का फैसला



**वाराणसी, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

दुकान पर सामान लेने पहुंची आठ वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश द्वितीय (पाक्सो एक्ट) नितिन पांडेय ने मंगलवार को रोहनिया थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी अभियुक्त फिरोज अहमद उर्फ पप्पू को दोषी करार दिया। अदालत ने उसे 20 साल के कठोर कारावास और 21 हजार रुपया जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न देने पर अभियुक्त को एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियुक्त द्वारा जुर्माना देने पर अदालत ने पूरी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अदालत में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक संतोष कुमार सिंह ने पीड़िता समेत छह गवाहों को परीक्षित कराया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार सात अक्टूबर 2022 को सुबह में आठ वर्षीय मासूम बच्ची कुछ सामान लेने के लिए अभियुक्त फिरोज अहमद की दुकान पर गई थी। अभियुक्त ने उसके साथ छेड़खानी की। घर आकर पीड़िता ने घरवालों से आपबीती बताई।इस पर पीड़िता के पिता ने अभियुक्त फिरोज अहमद के खिलाफ उसी दिन थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल जांच कराने के साथ ही अदालत में उसका कलमबंद बयान दर्ज कराया और अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों और मेडिकल जांच में पीड़िता के साथ अभियुक्त द्वारा दुष्कर्म करने की पुष्टि होने पर अदालत ने उसे दंडित किया। गिरफ्तारी के बाद से ही अभियुक्त जेल में बंद है।

### ईरान में अशांतिः ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों से कहा- मदद आ रही है तो रूस ने भयानक नतीजों की दी चेतावनी

**ईरान।** ईरान में हो रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन को लेकर अमेरिका और रूस आमने-सामने आ गए हैं। रूस ने मंगलवार को ईरान की अंदरूनी राजनीति में बाहरी दखल की निंदा की और भयानक नतीजों की चेतावनी दी है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों से विरोध जारी रखने को कहा था। रॉयटर्स के अनुसार, रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, जो लोग जून 2025 में ईरान के खिलाफ किए गए हमले को दोहराने के बहाने के तौर पर बाहरी ताकतों से भड़काई गई अशांति का इस्तेमाल करने की योजना बना रहे हैं, उन्हें मिडिल ईस्ट की स्थिति और ग्लोबल इंटरनेशनल सिक्योरिटी के लिए ऐसे कामों के विनाशकारी नतीजों के बारे में पता होना चाहिए। यह बयान तब आया जब ट्रंप ने ईरानी प्रदर्शनकारियों से संस्थानों पर कब्जा करने को कहा और कहा कि मदद आ रही है।

# रूस ने 18 बैलिस्टिक मिसाइलों और 293 ड्रोन से यूक्रेन पर बरपाया कहर, 4 की मौत



**कीव, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

रूस ने यूक्रेन पर इस वर्ष का सबसे भीषण हमला बोला है। रूसी सेना ने बीती रात यूक्रेन में राजधानी कीव समेत कई स्थानों पर 18 बैलिस्टिक मिसाइलों और 293 ड्रोन के साथ बड़े पैमाने पर हमला किया। इन हमलों में चार लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की खबर है। कीव में कई इमारतों को नुकसान पहुंचा और आपातकालीन बिजली काट दी गई।कीव के सैन्य प्रशासन तैमूर टकाचेंको ने मंगलवार को बताया कि राजधानी पर भीषण मिसाइल हमला किया गया। जबकि निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने कहा कि रूसी हमले में उसके एक थर्मल पावर प्लांट को भारी नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि वायु रक्षा इकाइयों ने 240 ड्रोन और सात मिसाइलों को मार गिराया। जबकि यूक्रेनी टेलीग्राम निगरानी चैनलों ने कहा कि रात में महज एक घंटे के भीतर लगभग 20 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। यह इस वर्ष का अब तक का सबसे तेज हमला है। रूसी सीमा से सटे खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहूबोव ने कहा कि शहर के बाहरी इलाके में एक हमले में चार लोग मारे गए और छह लोग घायल हुए हैं।जबकि आपात सेवा ने बताया कि खार्किव में एक डाक टर्मिनल को निशाना बनाया, जिससे कई इमारतें नष्ट हो गईं और लगभग 500 वर्ग मीटर में कई आग लग गई। बचावकर्मियों ने 30 लोगों को सुरक्षित निकाला। दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में रूसी हमले के परिणामस्वरूप पांच लोग घायल हुए। एक फिटनेस सेंटर और एक व्यावसायिक स्कूल में आग लगने की सूचना है।

अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में युद्ध खतरनाक तरीके से लंबा खींचन को आरोप लगाया है। यह आरोप ऐसे समय लगाया गया है, जब राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप का प्रशासन यूक्रेन युद्ध रुकवाने की दिशा में वार्ता को आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। रूस ने फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था, जब से यह युद्ध जारी है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत टैमी ब्रुस ने सुरक्षा परिषद की एक आपात बैठक में कहा कि इस युद्ध में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं, जिस पर अमेरिका दुख जताता है और ऊर्जा और अन्य ढांचों पर रूस के बढ़ते हमलों की निंदा करता है।

### काले रंग की लड़की डाक्टर कैसे बनेगी? जैसे अपमान के बाद बेंगलुरु की छात्रा ने की थी आत्महत्या

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के बाहरी इलाके चंदापुर में दंत चिकित्सा की छात्रा यशस्विनी (23) की आत्महत्या के मामले में जांच ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।पुलिस के अनुसार, कॉलेज में त्वचा के रंग और पहनावे को लेकर लेक्चररों द्वारा की गई कथित बेइज्जती से आहत होकर उसने यह कदम उठाया। मामले के सामने आते ही कॉलेज प्रबंधन ने ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी (ओएमआर) विभाग के छह लेक्चररों को बर्खास्त कर दिया है। परिजनों और सहपाठियों का आरोप है कि यशस्विनी को कक्षा में सार्वजनिक रूप से ताने मारे गए यहां तक कहा गया, काले रंग की लड़की डाक्टर कैसे बन सकती है। एक दिन आंखों में दर्द के कारण छुट्टी लेने पर उसे सेमिनार प्रस्तुत करने और रेडियोलॉजी केस संभालने से भी रोका गया और कथित तौर पर अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया।

# पहली हार में ही पीके की जसुपा से होने लगा मोहभंग आनंद मिश्रा और रितेश पांडेय के बाद अब कौन?



**पटना, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

भारतीय पुलिस सेवा से वीआरएस लेकर आए आनंद मिश्रा को जन सुराज पार्टी (जसुपा) ने अपनी युवा इकाई की कमान सौंपी थी। बड़ा दारोमदार था। उन्होंने पूरे बिहार में बाइक रैली निकाली थी। उसी बीच भाजपा से निमंत्रण आ गया। आनंद मिश्रा लपक लिए। बक्सर से भाजपा के विधायक भी चुन लिए गए। तब जसुपा ने आने-जाने वालों से स्वयं को बेपरवाह बताया था। अब बारी भोजपुरी गायक व अभिनेता रितेश पांडेय की है, जो विधानसभा चुनाव में प्रशांत किशोर के गृह क्षेत्र करगहर में मात खा चुके हैं। जसुपा से रितेश ने अपने संबंध तोड़ लिए हैं। चर्चा है कि आरसीपी सिंह भी जदयू में वापस हो जाएंगे। अस्थावां से उनकी पुत्री लता जसुपा के टिकट पर दांव आजमा चुकी हैं। चुनावी मैदान में उतारे गए जसुपा के एक तिहाई से अधिक चेहरे कन्नी काट चुके हैं, बेशक उन्होंने सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा नहीं की हो। रोचक यह कि आरसीपी की जसुपा में इंट्री के बाद आनंद का मन उचाट होने लगा था। तब दोतरफा बयानों का एक दौर भी चला था। हालांकि, तब तक भाजपा से उनकी पींगें भी बढ़ चुकी थीं। उन्होंने वीआरएस भी भाजपा से जुड़ी अपनी राजनीतिक अपेक्षा में ही ली थी।बक्सर में भाजपा के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग भी ले रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद निर्दलीय मैदान में उतरकर मात खाए और फिर जसुपा में आए। जदयू से अलगाव के बाद आरसीपी ने अपनी पार्टी (आप सबकी आवाज) बनाई और बिहार में धूम मचा देने का दावा करते रहे। जसुपा में अपनी पार्टी के विलय के साथ ही उन्होंने प्रशांत किशोर से गलबहियां की थी। इस समझौते में पुत्री को टिकट भी मिला, जो 15962 वोट पाकर अस्थावां में तीसरे स्थान पर रहीं।यह आरसीपी का गृह क्षेत्र है। रितेश की कहानी कुछ अलग है। वे अलग-अलग क्षेत्र की उन दूसरी हस्तियों की तरह सीधे जसुपा में आए, जिनका उससे पहले तक कोई राजनीतिक सरोकार नहीं था।करगहर में पहले पीके के दांव आजमाने की चर्चा थी, लेकिन मैदान में रितेश उतरे। खाते में आए 16298 वोटों के सहारे अब वे जसुपा के साथ अपना राजनीतिक भविष्य सुरक्षित नहीं समझ रहे।

ऐसे दर्जनों चेहरे हैं, जो पुराने संबंधों के हवाले से सार्वजनिक तौर पर मुखर तो नहीं हैं, लेकिन बिहार की राजनीति से उनका मन उचट सा गया है। भविष्य में जसुपा में सांगठनिक फेरबदल के लिए करारी पराजय के साथ यह भी एक कारण है। विधानसभा चुनाव में जसुपा को 3.44 प्रतिशत वोट मिले थे। प्रत्याशियों की घोषणा तो उसने उसने सभी 243 सीटों के लिए की थी, लेकिन मैदान में 238 ही डटे रहे। लोजपा-रामविलास के अभ्यर्थी का आवेदन निरस्त होने के कारण मढ़ौरा में उसे निकटतम प्रतिद्वंद्वी होने का सौभाग्य रहा।

# अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एअर इंडिया पर लंदन में क्यों हुआ मुकदमा?



**लंदन।** एअर इंडिया को एक यात्री विमान हादसे के मामले में लंदन में एक मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। हादसे के कुछ मृतकों के स्वजन की तरफ से यह मुकदमा दायर किया गया है।एअर इंडिया का एक विमान गत 12 जून को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें कुल 260 लोगों की जान गई थी।कोर्ट रिकार्ड के अनुसार, विमान दुर्घटना के मामले में 11 वादियों की तरफ से हाई कोर्ट में 18 दिसंबर को मुकदमा दायर किया गया। हालांकि मामले के बारे में फिलहाल कोई विस्तृत विवरण नहीं है। जबकि एअर इंडिया और वादियों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों ने भी कुछ बताने से इन्कार किया है।इधर, हादसे में मारे गए चार लोगों के परिजन अमेरिका में बोइंग के खिलाफ भी केस कर रहे हैं। इन लोगों का आरोप है कि कथित तौर पर खराब फ्यूल स्विच की वजह से हादसा हुआ था।एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को अहमदाबाद से ब्रिटेन की राजधानी लंदन के गेटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद समीप के एक मेडिकल कालेज के हॉस्टल से टकराने के बाद आग के गोले में तब्दील हो गया था। विमान में सवार 242 लोगों में से केवल एक व्यक्ति को छोड़ सभी की मौत हो गई थी। जबकि जमीन पर 19 लोगों की जान गई थी।

### अमेरिका के साथ फरवरी में फाइनल होगी ट्रेड डील? जयशंकर और रूबियो के बीच फोन पर हुई बात

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ ट्रेड डील की तमाम खबरों के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष मार्को रूबियो ने मंगलवार को एक-दूसरे से फोन पर बातचीत की।इस दौरान व्यापार, रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा की हई। यह चर्चा ऐसे समय हुई है जब दोनों देशों के बीच व्यापार से जुड़े मामलों पर मतभेदों के कारण द्विपक्षीय संबंधों में महीनों से तनाव बना हुआ है।गौर करने वाली ये है कि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर बातचीत अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर के इस ऐलान के एक दिन बाद हुई, जिसमें उन्होंने कहा था कि दोनों पक्ष ट्रेड डील को पूरा करने के लिए एक्टिव रूप से बातचीत कर रहे हैं और ट्रेड पर अगली बातचीत मंगलवार को होगी।जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, अभी-अभी मार्को रूबियो के साथ एक अच्छी बातचीत खत्म हुई। हमने व्यापार, महत्वपूर्ण खनिजों, परमाणु सहयोग, रक्षा और ऊर्जा पर चर्चा की।

# दिल्ली पीतमपुरा अग्निकांडः दिनेश के सामने ही जिंदा जल गया छोटा भाई बृजेश, बचाने की हर कोशिश रही नाकाम



**बाहरी दिल्ली, 14 जनवरी [एजेंसी]।**

पीतमपुरा गांव स्थित गोदाम परिसर में बने जिस कमरे से आग फैली, उस कमरे में मृतक बृजेश का बड़ा भाई दिनेश भी सो रहा था। दिनेश ने अंदर फंसे अपने भाई बृजेश और सतीश को बचाने की हर संभव कोशिश की। लेकिन चाहकर भी नहीं बचा सके। जब दिनेश की तरफ आग की लपटें आने लगी। तो उन्होंने विरेंद्र और मिथलेश के साथ मिलकर कच्ची दीवार तोड़ दी।दिनेश, मिथलेश और विरेंद्र बाहर आ गए। फिर अचानक से सिलिंडर फटने की तेज आवाज आई। आग की लपटें ऊपर उठने लगी। तीनों के सामने ही बृजेश और सतीश जिंदा जल गए। पास के ही गोदाम में रहने वाले विनय कुमार ने बताया कि आग तेजी से फैलने के बाद कोई भी कमरे के गेट के तरफ नहीं भाग सका।ऐसे में सिर्फ तीन ही लोग अपनी जान बचा सके। इस हादसे में दिनेश, मिथलेश और विरेंद्र भी झुलस गए, जिनका इलाज जारी है। बृजेश ने काफी मेहनत करके एक बड़ा गोदाम खड़ा किया था। इस गोदाम में 10 से अधिक लोग काम करते थे। रात में इस गोदाम में पांच ही लोग रहते थे। बाकी लोग अपने-अपने घर चले जाते थे। विनय और बृजेश की आखिरी मुलाकात सोमवार को दिन में हुई थी।बृजेश किसी काम से कहीं बाहर जा रहा था। विनय ने बताया कि कुछ ही दूरी पर उनका भी गोदाम है। सिलिंडर फटने की आवाज सुनकर बाहर आए, तो देखा कि पूरे गोदाम में आग लग गई। बाकी लोग चिल्ला रहे थे। कह रहे थे कि दो लोग अंदर फंसे हैं।

लेकिन हालात ऐसा नहीं था कि कोई अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाल सके। लोगों ने तुरंत दमकल और पुलिस को जानकारी दी।पड़ोसी विनय कुमार ने बताया कि बृजेश और सतीश दोनों ही बिहार के नालंदा जिला के रहने वाले थे। बृजेश ने करीब 10 वर्ष पूर्व गोदाम खोला था। बृजेश के परिवार में उनकी पत्नी, चार वर्षीय बेटा और आठ महीने की एक बेटी है। सभी बिहार स्थित नालंदा में रहते हैं। विनय ने बताया कि इस हादसे की जानकारी उनके परिवार को दे दी गई। सभी बिहार से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।इस हादसे के बाद से गांव से काफी लोगों के फोन आ रहे हैं। परिवार और गांव में मातम का माहौल है। मृतक सतीश भी बिहार के नालंदा के रहने वाले थे। उनकी पत्नी और दो बेटे हैं, यह सभी भी नालंदा में ही रहते हैं। इनकी पत्नी व अन्य लोग भी दिल्ली आ रहे हैं।

# ब्रिटेन में चल रहा अवैध वर्किंग वीजा का बड़ा खेल, स्टिंग ऑपरेशन में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में एक स्टिंग ऑपरेशन में भारतीय मूल के दो लोगों को पकड़ा गया है, जो हजारों पाउंड में ब्रिटिश वीजा अवैध रूप से बेच रहे थे और यहां तक कि बिना किसी काम की जरूरत के प्रवासियों को भी वीजा दे रहे थे।डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, उसकी अंडरकवर जांच में ब्रिटेन में एक भारतीय मूल की छात्रा मिली, जो अपनी कंसल्टेंसी कंपनी के जरिए जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके फेसबुक मार्केटप्लेस पर वर्क वीजा बेच रही थी। डेली मेल के एक अंडरकवर रिपोर्टर ने भारतीय फिल्म स्टडीज ग्रेजुएट बनकर एक वीडियो बनाया, जिसमें उस महिला ने कहा कि वह उसे 12,000 पाउंड या उससे ज्यादा में स्किल्ड वर्कर वीजा बेच सकती है और उसके पास दो ऑप्शन हैं, नौकरी के साथ और बिना नौकरी के। उसने कहा, अगर आप नौकरी के साथ जाते हैं तो इसकी कीमत 17,000, 18,000, 19,000 पाउंड होगी। बिना नौकरी के सिर्फ पेरोल चलाना होगा। उसने बताया कि एम्प्लॉयर द्वारा यूके सरकार को टैक्स देने के बाद उसे पेमेंट मिलेगा और फिर उसे सैलरी कैश में वापस करनी होगी लेकिन काम नहीं करना पड़ेगा। उसने कहा कि उसने 1,000 पाउंड की कटौती की। उसने 32,000 पाउंड की फीस पर ग्लोबल टैलेंट वीजा अरेंज करने का भी ऑफर दिया।

# दिव्यांग महिला को तुरंत नौकरी दो, सुप्रीम कोर्ट ने कोल इंडिया को दिया आदेश

**नईदिल्ली, 14 जनवरी [एजेंसी]।**



सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने असाधारण संवैधानिक शक्तियों का उपयोग करते हुए कोल इंडिया को बहुदिव्यांगता से जूझ रही महिला को तुरंत नौकरी देने का मंगलवार को आदेश दिया।जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह बहुदिव्यांगता से जूझ रही महिला के लिए असम के तिनसुकिया में मार्घेरिटा कार्यालय में सुपरन्यूमेरी (अतिरिक्त) पद सृजित करे और उसे नियुक्त करे।असम के तिनसुकिया जिले के मार्घेरिटा में नार्थ ईस्टर्न कोलफील्ड्स कोल इंडिया लिमिटेड का कार्यालय है। सुजाता बोरा ने दृष्टिहीन श्रेणी में आरक्षित उम्मीदवार के रूप में आवेदन करने के बाद कोल इंडिया लिमिटेड के प्रबंधन प्रशिक्षु पद के लिए साक्षात्कार में सफलता प्राप्त की थी। हालांकि, उन्हें यह कहते हुए अनुपयुक्त घोषित किया गया कि वह केवल दृष्टिहीनता से ही नहीं, बल्कि रिसिड्यूरी पार्शियल हेमीपैरिसिस से भी ग्रसित हैं। हेमिपेरेसिस न्यूरोलाजिकल बीमारी है जिसके कारण शरीर के एक तरफ कमजोरी या आंशिक पक्षाघात हो जाता है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कंपनियों और निवेशकों से आग्रह किया कि वे दिव्यांगों को शामिल करने को केवल अनुपालन का मुद्दा न मानें, बल्कि रणनीतिक लाभ के रूप में देखें जो व्यावसायिक प्रदर्शन, लचीलापन और सामाजिक प्रभाव को बढ़ाता है।

पीठ ने कहा कि दिव्यांगों के अधिकारों को कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के नजरिये से देखा जाना चाहिए ताकि ऐसे अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा दिया जा सके। कार्यस्थल पर सच्ची समानता तभी हासिल की जा सकती है जब कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के पहलू के रूप में दिव्यांगों के अधिकारों को सही प्रोत्साहन दिया जाए। दिव्यांगता समावेशन पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) ढांचे में सामाजिक आयाम का महत्वपूर्ण घटक है।

# कॉलेज जाने वाली लड़कियां इन फैशन टिप्स को अपनाएं, हमेशा लगेंगी स्टाइलिश

कॉलेज का समय जीवन का एक अहम और मजेदार हिस्सा होता है। इस दौरान न केवल पढ़ाई बल्कि फैशन और स्टाइल पर भी खास ध्यान देना चाहिए। सही कपड़े चुनना, जो आरामदायक और स्टाइलिश हो, बहुत जरूरी है। इस लेख में हम कुछ आसान और प्रभावी फैशन टिप्स देंगे, जो कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए मददगार साबित हो सकते हैं। इन टिप्स को अपनाकर आप हमेशा स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरी दिख सकती हैं।

आरामदायक कपड़े चुनें

कॉलेज के लिए सबसे जरूरी है आरामदायक कपड़े चुनना। ऐसे कपड़े पहनें, जो दिनभर की लंबी क्लासेज के दौरान भी आपको आराम दें। सूती टी-शर्ट्स, जींस या लैगिंग्स सबसे अच्छे विकल्प हो सकते हैं। इनसे आप न केवल आराम महसूस करेंगी बल्कि स्टाइलिश भी दिखेंगी। ध्यान रखें कि कपड़े ढीले-ढाले हों ताकि आप बिना किसी परेशानी के पूरे दिन पहन सकें और किसी भी गतिविधि को आसानी से कर सकें।

रंगों का चयन सोच-समझकर करें

रंगों का चयन करते समय अपने पसंदीदा रंगों का ध्यान रखें, लेकिन साथ ही मौसम और अवसर के हिसाब से भी सोचें। गर्मियों में हल्के रंग जैसे सफेद, पीला या हल्का नीला चुनें, जो ताजगी दें और ठंडक महसूस कराएं। बारिश के मौसम में नीले या ग्रे रंग अच्छे लगते हैं क्योंकि ये मिट्टी की गंदगी को छिपाने में मदद करते हैं। सर्दियों में गहरे रंग जैसे बरगंडी या काले रंग के कपड़े अच्छे लगते हैं।

सही फुटवियर्स चुनें

फुटवियर्स का चयन करते समय ऐसे जूते चुनें जो आरामदायक हों और पूरे दिन पहने जा सकें। कैनवस या फ्लैट्स सबसे अच्छे विकल्प होते हैं क्योंकि ये आरामदायक होने के साथ-साथ स्टाइलिश भी लगते हैं। अगर आपको हाई हील्स फुटवियर्स पहनने का शौक है तो कम हील वाले चुनें, जो चलने में आसान हों और लंबे समय तक पहन सकें। इसके अलावा मौसम के हिसाब से फुटवियर्स चुनना भी जरूरी है।

गहनों का सही उपयोग करें

गहने आपके लुक को खास बनाने में मदद करते हैं इसलिए इनका सही उपयोग करना सीखें। हल्की ज्वेलरी जैसे कानों में छोटे झुमके, हाथों में एक-दो ब्रेसलेट अच्छे लगते हैं। इसके अलावा एक छोटा सा बैग भी रखें, जिसमें जरूरी सामान रख सकें। इसके साथ ही एक घड़ी भी पहनें, जो आपको समय बताने के साथ-साथ स्टाइलिश दिखाने में मदद करेगी। इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर आप हमेशा स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरी दिख सकती हैं।

बालों की स्टाइलिंग पर ध्यान दें

बालों की स्टाइलिंग पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है जितना कि कपड़ों पर देते हैं। बालों को साफ-सुथरा रखें और अगर समय मिले तो उन्हें स्टाइल करें जैसे कि पोनीटेल या बन बना लें। अगर आपके बाल लंबे हैं तो उन्हें खुला रखें क्योंकि यह सबसे आसान तरीका है जिससे आपका चेहरा भी दिखता रहेगा और बाल भी अच्छे लगेंगे। इन टिप्स को अपनाकर आप कॉलेज जाते समय हमेशा स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरी दिख सकती हैं।





## हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस में रूपा का किरदार निभाना रहा मुश्किल: मिथिला पालकर

त्रिभंगा, कारवां और चॉपस्टिक जैसी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री मिथिला पालकर के हाथ बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। अब मिथिला वीर दास और आमिर खान के साथ काम कर खुद को लकी महसूस कर रही हैं। अभिनेत्री मिथिला पालकर ने आईएएनएस से खास बातचीत में फिल्म से जुड़े अनुभव शेयर किए और ये भी बताया कि आमिर खान के साथ काम करना कैसा लगा। हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस में मिथिला पालकर ने महत्वपूर्ण रोल प्ले किया है। फिल्म को हां करने के सवाल पर अभिनेत्री ने कहा कि न करने का सवाल ही पैदा नहीं होता है क्योंकि ये मेरे करियर की पहली कॉमेडी फिल्म है और फिल्म से इतने बड़े लोग जुड़े हैं, जिन्होंने अपने करियर में कमाल किया है। फिल्म आमिर खान के प्रोडक्शन में बन रही है और मेरे लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

फिल्म हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस में अपने किरदार पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि फिल्म मेरे लिए भी बहुत अलग है। फिल्म में मेरा बोलने का तरीका, चलने का तरीका बिल्कुल अलग है। इस फिल्म के लिए मुझे खुद को अलग नजरिए से परखने का मौका मिला है।

फिल्म में मिथिला ने रूपा नाम की बोल्ड और बिंदास लड़की का रोल प्ले किया है। सेट पर शूटिंग के समय मिथिला को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ा क्योंकि कॉमेडी उनके लिए नया जॉनर है।

उन्होंने कहा कि रूपा का किरदार निभाना मुश्किल रहा क्योंकि रूपा बोल्ड और बिंदास है, उसकी अलग दुनिया है और शूटिंग के दौरान अपशब्दों से भरे वाले डायलॉग्स मुश्किल रहे। सबसे ज्यादा मुश्किल था वीर को थप्पड़ मारना, क्योंकि रूपा एक ऐसा किरदार है जिसके अंदर गिल्ट नहीं है।

उन्होंने आगे बताया कि सेट पर वीर को थप्पड़ मारना था और गिल्ट भी महसूस नहीं करना था। चेहरे के एक्सप्रेशन बदलने भी काफी मुश्किल थे क्योंकि सीन कॉमेडी से भरे थे। लेकिन, वीर ने काफी मदद की थी। उन्होंने कहा था कि तुम सब अपनी लाइनों के साथ खेलो, कॉमेडी खुद-बा-खुद आ जाएगी।

आमिर खान प्रोडक्शन में बनी फिल्म हैप्पी पटेल- खतरनाक जासूस का ट्रेलर दिसंबर में रिलीज हो चुका है और फिल्म 16 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## कभी दो शब्द बोलने में भी कतराते थे ऋतिक रोशन, आज बॉलीवुड के हैं 'ग्रीक गॉड'

बॉलीवुड के 'ग्रीक गॉड' ऋतिक रोशन हिंदी सिनेमा के बड़े सितारों में गिने जाते हैं। डांस, एक्टिंग और दमदार लुक के चलते उन्होंने लाखों फैंस के दिलों पर राज किया है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि इस चमक-दमक के पीछे उनका एक लंबा संघर्ष छिपा है।

ऋतिक बचपन में हकलाने की समस्या से जूझते थे। छोटे-छोटे शब्द बोलना उनके लिए इतना मुश्किल था कि वे अक्सर अपने आपको अकेले में बाथरूम या अलमारी में बंद कर लेते थे। लेकिन उन्होंने मेहनत और लगन से अपनी मुश्किलों को मात दी।

ऋतिक रोशन का जन्म 10 जनवरी 1974 को मुंबई में हुआ था। वे एक फिल्मी परिवार से आते हैं। उनके पिता राकेश रोशन बॉलीवुड के मशहूर डायरेक्टर और निर्माता हैं, जबकि उनकी मां पिंकी रोशन गृहिणी हैं। उनके दादा रोशनलाल नागरथ संगीतकार थे और उनके चाचा राजेश रोशन भी संगीत में सक्रिय रहे। ऐसे परिवार में पैदा होने के बावजूद ऋतिक का बचपन आसान नहीं था।

ऋतिक को बचपन से ही हकलाने की समस्या थी। स्कूल के समय उन्हें बोलने में मुश्किल होती थी। कई बार उनका मजाक भी बनाया जाता था। लेकिन ऋतिक ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपनी इस कमजोरी को दूर करने के लिए रोजाना अखबार पढ़ने की आदत डाली। हिंदी, अंग्रेजी और उर्दू अखबार पढ़कर उन्होंने धीरे-धीरे बोलने की क्षमता बढ़ाई। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा और वह हकलाने की बीमारी पर काबू पाने में सफल हुए।

## इस सर्दी में पहनें लेदर जैकेट, स्टाइलिश दिखेंगी और आरामदायक भी रहेंगी



लेदर जैकेट एक ऐसी खास और सदाबहार परिधान है, जो हर मौसम में स्टाइलिश दिखने का मौका देती है। सर्दियों में इसकी अहमियत और भी बढ़ जाती है क्योंकि यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि आपके लुक को भी खास बनाती है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताएंगे, जिनसे आप लेदर जैकेट को अलग-अलग अंदाज में पहन सकते हैं और हर बार नई तरह से दिख सकते हैं।

टी-शर्ट और जींस के साथ लेदर जैकेट का मेल- टी-शर्ट और जींस के साथ लेदर जैकेट का मेल हमेशा ही अच्छा लगता है। यह मेल न केवल आरामदायक होता है, बल्कि आपको एक सरल और स्मार्ट लुक भी देता है। आप अपनी पसंदीदा रंग की टी-शर्ट के साथ डेनिम जींस पहन सकते हैं और ऊपर से एक काले या भूरे रंग की लेदर जैकेट डाल सकते हैं। इस लुक को पूरा करने के लिए आप आरामदायक जूते या बूट्स पहन सकते हैं।

ड्रेस के साथ लेदर जैकेट

अगर आप ड्रेस पहनना पसंद करते हैं तो उसके ऊपर भी लेदर जैकेट अच्छी लग सकती है। यह आपके ड्रेस को एक नया अंदाज देती है और आपको एक अलग रूप में पेश करती है। आप अपनी पसंदीदा रंग की ड्रेस के ऊपर एक फिटेड लेदर जैकेट पहन सकते हैं। इसके साथ ही आप ऊंची एड़ी के जूते या बूट्स पहनकर अपने लुक को और भी खास बना सकते हैं।

स्कर्ट और लेदर जैकेट- स्कर्ट के साथ लेदर जैकेट पहनना एक बेहतरीन विचार हो सकता है। यह आपको एक नारीसुलभ लुक देती है, जिसमें थोड़ी सी अनोखापन भी शामिल होती है। आप अपनी पसंदीदा रंग की स्कर्ट के साथ एक काले या भूरे रंग की लेदर जैकेट पहन सकते हैं। इसके अलावा आप इसके साथ ऊंची एड़ी के जूते या बूट्स पहन सकते हैं। यह लुक पार्टी या किसी खास मौके पर पहना जा सकता है, जिससे आप स्टाइलिश और आकर्षक दिखेंगी।

पारंपरिक पोशाक पर लेदर जैकेट का जादू

अगर आप पारंपरिक पोशाक पहनना पसंद करते हैं तो उसके साथ भी लेदर जैकेट बहुत अच्छी लग सकती है। यह आपके पारंपरिक लुक को एक आधुनिक अंदाज देती है। आप अपनी सलवार-कमीज या लहंगा-चोली के ऊपर एक लेदर जैकेट पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक अनोखा और आकर्षक लगेगा। इसके साथ ही आप हल्के गहने पहनकर अपने पारंपरिक लुक को पूरा कर सकती हैं। यह मेल आपको एक अलग अंदाज में प्रस्तुत करेगा।

ऑफिस लुक के लिए ऐसे करें स्टाइल

ऑफिस लुक के लिए भी लेदर जैकेट बहुत अच्छी रहती है। इसे आप अपने औपचारिक कपड़ों जैसे कि शर्ट-पैंट्स या कुर्ता-पलाजो के ऊपर पहन सकती हैं। इससे आपका ऑफिस लुक स्मार्ट और पेशेवर लगेगा। इसके अलावा आप इसके साथ फ्लैट जूते या ऊंची एड़ी के जूते पहन सकती हैं। यह मेल आपको एक अलग अंदाज में प्रस्तुत करेगा, जिससे आप ऑफिस में स्टाइलिश और आत्मविश्वास से भरी दिखेंगी।

## बॉर्डर 2 के रिलीज से पहले वरुण धवन ने होशियार सिंह दहिया के परिवार से की मुलाकात


बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म बॉर्डर 2 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में अभिनेता वरुण धवन मेजर होशियार सिंह दहिया का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म की रिलीज के पहले अभिनेता ने उनके परिवार संग मुलाकात की। इसकी कुछ तस्वीरें अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इस मुलाकात में धानो देवी (होशियार सिंह की पत्नी) ने वरुण को सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, पीवीसी होशियार सिंह दहिया जी की पत्नी धानो देवी जी और उनके बेटे कर्नल सुशील कुमार दहिया से मिलकर मैं खुद को बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उनका आशीर्वाद पाकर उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का मौका मिलना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं दिल से आभारी हूं। जय हिंद।

अभिनेता की पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है। वे कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

फिल्म में वरुण धवन परमवीर चक्र विजेता मेजर होशियार सिंह दहिया का किरदार निभा रहे हैं। मेजर होशियार सिंह दहिया 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अपनी बहादुरी के लिए मशहूर थे।

अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की बात करें तो यह 23 जनवरी को रिलीज हो रही है। यह 1997 की सुपरहिट फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है, जिसे अनुराग सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी के साथ मोना सिंह, मेधा राणा, सोनम बाजवा और अन्या सिंह जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह ने किया है। इसे जेपी दत्ता और निधि दत्ता ने टी-सीरीज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। वॉर ड्रामा में इस बार वायुसेना और नेवी के योगदान को भी दिखाया जाएगा।



## सू- दोकू क्र.284

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.283 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -285

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सागरिका घाटगे ने शेयर की जन्मदिन की झलकियां

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान की पत्नी और मशहूर अभिनेत्री सागरिका घाटगे ने सोमवार को अपने जन्मदिन की झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इन तस्वीरों में वे परिवार और दोस्तों के संग नजर आ रही हैं। पोस्ट के साथ उन्होंने दिल छू लेने वाला कैप्शन लिखा, मुझे जन्मदिन की शुभकामनाएं देने वाले सभी दोस्तों और फैंस को दिल से बहुत-बहुत शुक्रिया।

आप नहीं जानते कि आपके प्यार भरे मैसेज और शुभकामनाएं पाकर मैं कितनी खुश और आभारी हूं। उन्होंने लिखा, एक और साल पूरा होने पर मैं भगवान की बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूं। उनकी दी हुई खुशियों, आशीर्वाद और उन सभी लोगों के लिए जो हमेशा मेरे साथ खड़े रहते हैं। मेरा दिल कृतज्ञता से भर गया है। अभिनेत्री की यह पोस्ट फैंस को काफी पसंद आ रही है।

# खनन कार्य जलस्रोत सुरक्षित रहने की शर्त पर ही, पेयजल और पर्यावरण संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता: स्वास्थ्य मंत्री

## खनिज न्यास शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक हुई सम्पन्न

**एमसीबी।** जिला खनिज न्यास संस्थान की अतिरिक्त कार्ययोजना को अंतिम रूप देने और खनन प्रभावित क्षेत्रों के सतत एवं समग्र विकास को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में शासी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा की गई। जिले के विकास से जुड़े अनेक अहम बिंदुओं पर हुई विस्तृत चर्चा के कारण यह बैठक न केवल प्रशासनिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और जनहित के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सिद्ध हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, चिरमिरी नगर निगम के महापौर रामनरेश राय, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव तथा नई लेदरी नगर पंचायत के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शासी परिषद के सदस्य, विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी और खनिज विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने बैठक के महत्व को और अधिक बढ़ाया। बैठक में जिला खनिज न्यास संस्थान की अब तक की गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्रगति, पूर्ण और अपूर्ण कार्यों की स्थिति, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, क्षेत्रीय आवश्यकताओं, चुनौतियों और भविष्य की कार्य योजनाओं पर समग्र मूल्यांकन किया गया। परिषद ने स्पष्ट रूप से यह माना कि खनन से प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोग ही खनिज संपदा का भार और उसके दुष्प्रभाव सबसे अधिक वहन करते हैं, इसलिए विकास योजनाओं का पहला अधिकार इन्हीं क्षेत्रों और यहां के लोगों का होना चाहिए। इसी भावना के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, सड़क, बिजली, स्वच्छता, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया कि योजनाएं केवल कागजों में सीमित न रहें, बल्कि उनका वास्तविक लाभ गांव-गांव और बस्ती-बस्ती तक पहुंचे। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश बैठक का प्रमुख बिंदु रहे। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को निर्देशित किया कि जहां पर्याप्त जलस्रोत उपलब्ध हों, वहीं वैज्ञानिक ढंग से खनन कार्य की योजना बनाई जाए ताकि पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे और स्थानीय नागरिकों की पेयजल आवश्यकताओं पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। चिरमिरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने, अमृत जल मिशन को गति देने, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन, टंकियों और पंपों के रखरखाव को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। शिक्षा विभाग से संबंधित चर्चा के दौरान पुराने जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत, नए कक्षों का निर्माण, शौचालय, पुस्तकालय, खेल परिसरों और स्मार्ट क्लासों की सुविधा विकसित करने पर बल दिया गया, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। आंगनबाड़ी केंद्रों के उन्नयन, पोषण कार्यक्रमों के बेहतर संचालन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर भी गंभीरता से विचार किया गया। बैठक में सड़क और पुल निर्माण को भी अत्यंत महत्वपूर्ण विषय के रूप में रखा गया। दूरस्थ और आदिवासी अंचलों में कमजोर सड़क संपर्क के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुंच बाधित होती है, इसलिए चुटकीपानी क्षेत्र में पुल निर्माण, पिपरिया हाई स्कूल से कुडाकू बस्ती तक सड़क निर्माण तथा आंतरिक ग्रामीण सड़कों के उन्नयन संबंधी कार्यों पर सकारात्मक चर्चा की गई। परिवहन और रेल संपर्क के क्षेत्र में मनेंद्रगढ़ रेलवे बाईपास मार्ग तथा चिरमिरी-नागपुर रेलवे लाइन से संबंधित प्रस्तावों को भी प्राथमिकता के साथ उठाया गया ताकि औद्योगिक विकास के साथ-साथ आम नागरिकों के आवागमन में भी सुगमता आए। शहरी निकायों से संबंधित विषयों पर भी विस्तारपूर्वक विमर्श किया गया। चिरमिरी नगर निगम, मनेंद्रगढ़ नगर पालिका और विभिन्न नगर पंचायतों में साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक स्वरूप देने, फायर ब्रिगेड सेवाओं को उन्नत उपकरणों से लैस करने तथा अत्यधिक पुराने वाहनों को कंडम घोषित कर इनके स्थान पर नए वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। शहरी क्षेत्रों में आवश्यकता के अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकानों की स्थापना, पुलिस विभाग के भवनों एवं संसाधनों को सुदृढ़ करने और स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक चिकित्सीय उपकरण उपलब्ध कराने के प्रस्तावों को भी स्वीकृति के लिए विचाराधीन रखा गया। नई लेदरी में पशु औषधालय के पास पुस्तकालय निर्माण के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए इसे युवाओं और छात्रों के लिए ज्ञान-स्रोत और अध्ययन केंद्र के रूप में विकसित करने की बात कही गई। बैठक में पूर्व में स्वीकृत कार्यों की नियमित ऑडिट व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू करने पर सहमति बनी, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने स्पष्ट किया कि कोई भी कार्य केवल औपचारिकता न बनकर रह जाए, बल्कि उसकी गुणवत्ता, उपयोगिता और दीर्घकालिक प्रभाव पर सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्धता, गुणवत्ता नियंत्रण, सामाजिक भागीदारी और जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने के सख्त निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि खनिज संपदा प्रकृति की अमूल्य धरोहर है और इससे मिलने वाले संसाधनों का सर्वप्रथम लाभ उन लोगों तक पहुँचना चाहिए जो खनन गतिविधियों से सर्वाधिक प्रभावित हैं। उन्होंने खनन प्रभावित युवाओं के लिए कौशल विकास, स्वयं-रोजगार, तकनीकी प्रशिक्षण और आधुनिक आजीविका के अवसर बढ़ाने पर बल दिया। बैठक के दौरान लंबी चर्चा, गंभीर विचार-विमर्श, विभागीय प्रस्तुतियों और जनप्रतिनिधियों के सुझावों के आधार पर जिला खनिज न्यास संस्थान की अतिरिक्त कार्ययोजना को सिद्धांत: स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के समापन अवसर पर यह विश्वास व्यक्त किया गया कि प्रस्तावित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विकास की रफ्तार तेज होगी, खनन प्रभावित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में ठोस सुधार आएगा तथा स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क, आजीविका और बुनियादी नागरिक सुविधाएं और अधिक सुलभ बनेंगी। बैठक सकारात्मक ऊर्जा, जनसेवा की प्रतिबद्धता और विकास के प्रति मजबूत संकल्प के साथ संपन्न हुई। इस महत्वपूर्ण बैठक में डीएमएफ सदस्य दुर्गेश पाण्डेय, सुरेश श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, संत कुमार, नरेन्द्र सिंह, सुनिता सिंह, प्रेम नारायण सिंह और रामाशंकर सिंह सहित समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, वनमंडल अधिकारी मनीष कश्यप, जिला पंचायत सीईओ अंकिता सोम, अपर कलेक्टर नम्रता डोंगरे, जनपद सीईओ वैशाली सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिन्होंने बैठक की कार्यवाही को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## जनपद पंचायत में कल सामान्य सभा की बैठक का किया जायेगा आयोजन

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत सूरजपुर की सामान्य सभा की बैठक 15 जनवरी को समय 01 बजे से जनपद पंचायत के सभाकक्ष में स्वाति संत सिंह जनपद अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की जाएगी।

## कौशल विकास कर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

**कोरिया।** कलेक्टर कोरिया के सभागार में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना निर्माण हेतु एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार किए जाने पर केंद्रित रहा। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसी सभी योजनाओं का चिन्हांकन करें जिनके बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिले में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता है। उसी के अनुसार सूची तैयार कर विषयों पर प्रशिक्षण के लिए वार्षिक कौशल विकास कार्ययोजना का प्रारूप तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी तकनीकी कामों के लिए जैसे राजमिस्त्री, प्लम्बर, ईलेक्ट्रिशियन, पेंटर आदि को प्रशिक्षण विषय बनाकर युवाओं को प्रशिक्षित किया जाए। इसी तरह जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जैसे अन्य विभागीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कुशल मानव संसाधन तैयार करने हेतु प्लान बनाए। जिला उन्होंने कहा है उद्योग, ग्रामीण विकास नगरीय प्रशासन, कृषि विभाग, स्वास्थ्य और पर्यटन विभाग में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता सदैव बनी रहती है। इसके लिए इन विभागों के प्रमुख आवश्यकता का आंकलन कर अपनी कौशल विकास कार्ययोजना निर्माण कर प्राचार्य लाइवलीहुड को जल्द उपलब्ध कराएं। इस कार्यशाला में अपर कलेक्टर वैद्य, डी डी मंडावी संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार साहू, लाइवलीहुड प्राचार्य मनोज कुमार जगत सहित सभी विभाग प्रमुखों ने भाग लिया।

## गणेशपुर में 16 को जिला स्तरीय पशुमेला का किया जायेगा आयोजन

**सूरजपुर।** विकासखण्ड सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत गणेशपुर में जिला स्तरीय पशु मेला प्रदर्शनी का आयोजन 16 जनवरी 2026 को पशुधन विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिला स्तरीय मेला में पशु, पक्षी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन, पैरा यूरिया उपचार, अजोला उत्पादन, विभागीय विशेषज्ञों द्वारा पशुपालन संबंधी तकनीकी विषयों में पशुपालकों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। उक्त मेले में पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में अपने पशुधन के साथ भाग लेने हेतु विभाग द्वारा अपील किया गया है।

## नये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन ने संभाला पदभार

**सूरजपुर।** सोमवार, 12 जनवरी 2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन ने जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के पद पर पदभार ग्रहण किया। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर से सौजन्य मुलाकात के उपरान्त उन्होंने विधिवत् पदभार ग्रहण किया और जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। विदित हो कि एएसपी योगेश देवांगन 2013 बैच के राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी है। इसके पूर्व वें उप सेनानी 17वीं वाहिनी छसबल कर्वधा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला जगदलपुर में अपनी सेवाएं दी है।

## हिंदू महासभा ने दो डॉक्टरों पर लगाए गंभीर आरोप, सीएमएचओ से की कार्रवाई की मांग

**मनेन्द्रगढ़।** अखिल भारत हिंदू महासभा ( हिंदू महासभा भवन, मंदिर मार्ग, नई दिल्ली 110001) ने जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को एक लिखित शिकायत सौंपकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में पदस्थ दो चिकित्सकों पर नैतिक आचरण एवं सरकारी सेवा नियमों के उल्लंघन के गंभीर आरोप लगाए हैं। महासभा द्वारा 20 दिसंबर 2025 को जारी पत्र में आरोप लगाया गया है कि संबंधित चिकित्सकों द्वारा सरकारी सेवा में रहते हुए सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन किया गया है। पत्र में दावा किया गया है कि एक चिकित्सक द्वारा पूर्व पत्नी से विधिवत तलाक लिए बिना दूसरा विवाह किया गया, जो कि सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन बताया गया है। शिकायत पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि उक्त कृत्य से समाज में गलत संदेश जा रहा है तथा हिंदू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। महासभा ने मामले को गंभीर बताते हुए संबंधित चिकित्सकों के विरुद्ध तत्काल जांच कर निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई की मांग की है। अखिल भारत हिंदू महासभा ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिवस के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन एवं धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। फिलहाल इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने रचा नया कीर्तिमान!

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश की औद्योगिक प्रगति में सक्रिय साझेदारी करते हुए माल परिवहन के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड समय में 200 मिलियन टन से अधिक की ओरिजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग का महत्वपूर्ण कीर्तिमान स्थापित किया है।

### बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पदस्थ उदेश सिंह तोमर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

## छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ का चुनाव सम्पन्न

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आम चुनाव के माध्यम से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। संघ के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम गायकवाड़ द्वारा 20 दिसंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी की गई थी।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 व 28 दिसंबर को प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया, जबकि 29 दिसंबर को नाम वापसी की अंतिम तिथि रही। नाम वापसी के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पदस्थ उदेश सिंह तोमर, प्रदीप तिवारी एवं जयप्रकाश नेटी मैदान में रहे। उपाध्यक्ष पद हेतु पल्लव झा एवं शशांक श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद के लिए आशीष साहू, ईश्वर साहू एवं अनिल कौशिक तथा सचिव पद हेतु विनय कुमार टंडन, कोमल सिंह एवं रामेश्वर शरण साहू उम्मीदवार रहे। प्रदेश भर के छात्रावास अधीक्षकों द्वारा 10 जनवरी को अपने-अपने जिला मुख्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के दो-दो सदस्यों की उपस्थिति में मतदान किया गया। मतदान उपरांत सीलबंद मतपेटियों को रायपुर स्थित दूधाधारी भवन लाया गया, जहां 11 जनवरी को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के सदस्य संतलाल साहू एवं रामेश्वर कुमार पटेल के पर्यवेक्षण में मतगणना कराई गई। मतगणना परिणाम में प्रदेश अध्यक्ष पद पर बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पदस्थ उदेश सिंह तोमर ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रदीप तिवारी को 196 मतों से पराजित कर विजय प्राप्त की। वहीं उपाध्यक्ष पद पर पल्लव झा, प्रदेश सचिव पद पर विनय कुमार टंडन तथा कोषाध्यक्ष पद पर आशीष कुमार साहू विजयी घोषित किए गए।

सभी विजयी प्रत्याशियों को पर्यवेक्षकों द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने छात्रावास अधीक्षकों के हितों, कल्याण एवं समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

## 14 हजार से अधिक किसानों के खातों में पहुँचे 198 करोड़ रुपये



**कोरिया।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से प्रारंभ की गई है, जो 31 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। कोरिया जिले के 21 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य लगातार संचालित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस वर्ष भी प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा में 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का निर्णय लिया गया है। 12 जनवरी 2026 तक जिले के 14 हजार 568 पंजीकृत किसानों से इस खरीफ वर्ष में 13 लाख 74 हजार 680 क्विंटल धान की खरीदी के लक्ष्य के विरुद्ध 8 लाख 36 हजार 893 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। खरीदी गई धान की राशि के रूप में 198 करोड़ 32 लाख 59 हजार 991 रुपये डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में अंतरित किए जा चुके हैं। इसके साथ ही कृषि ऋण लेने वाले किसानों से अब तक 34 करोड़ 69 लाख 82 हजार 491 रुपये की ऋण वसूली भी की जा चुकी है। साथ ही 5 हजार 616 किसानों ने 430 हेक्टेयर से अधिक रखबे समर्पण भी कराया है। शासन द्वारा किसानों के लिए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था करने से फर्जी व बोगस धान बेचने वालों पर अंकुश लगी तो किसानों को ऑनलाइन टोकन से सुविधा भी मिली। धान खरीदी के दौरान जिला प्रशासन द्वारा अवैध धान परिवहन एवं अवैध भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। इस दौरान बड़ी मात्रा में अवैध धान जब्त किया गया है, जिससे समर्थन मूल्य प्रणाली की पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

## दो अधिकारी निलंबित एक को नोटिस

**सूरजपुर।** कुमली वाटरफॉल स्थित वन विभाग के रेस्ट हाउस में हुए अश्लील डांस और शराब पार्टी के वायरल वीडियो मामले में विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। इस प्रकरण में डिप्टी रेंजर रविशंकर तिवारी और वनपाल शैलेश टीना लकड़ा को निलंबित कर दिया गया है, जबकि रामानुजनगर के तत्कालीन रेंजर आर.सी. प्रजापति को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन मंडल अधिकारी डीएफओ ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर वीडियो में नजर आ रहे लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आग्रह किया है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। बताया जा रहा है कि सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रहे इस वीडियो में वन विभाग के रेस्ट हाउस के भीतर बार बालाओं का अश्लील डांस और शराब पार्टी साफ दिखाई दे रही है। हालांकि विभाग का कहना है कि यह वीडियो वर्तमान समय का नहीं बल्कि पुराना है, लेकिन इसके बावजूद नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया गया है। इस घटना ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## जिला पंचायत सीईओ ने ली समय-सीमा की बैठक

**सूरजपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजेंद्र सिंह पाटले ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में चल रही धान खरीदी की स्थिति तथा अवैध धान पर की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए श्री पाटले ने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं, सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वहीं आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत छात्रावासों की स्थिति, भवनों की अवस्था तथा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी समीक्षा की गई। शिक्षा विभाग की समीक्षा में निर्माणाधीन स्कूल भवनों की प्रगति, विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारी सहित विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके साथ ही एसआईआर अंतर्गत नो-मैपिंग मतदाताओं की स्थिति की भी समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी ली।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने 15.50 करोड़ के कार्यों का किया शुभारंभ

**सूरजपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री और भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज सूरजपुर जिले में 15.50 करोड़ रुपये की लागत से किए जा रहे तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों के कार्यप्रारंभ पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। इन कार्यों के शुभारंभ से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुदृढ़ होगी और विकास को नई गति मिलेगी।

मंत्री राजवाड़े अपने गृह ग्राम बीरपुर से कसलगिरी सड़क निर्माण कार्य के कार्यप्रारंभ पूजन में ग्राम कसलगिरी, पंचायत भवन के पास सम्मिलित हुईं। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम केंवटाली से सुन्दरपुर सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर ग्राम केंवटाली चौक में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं ग्राम गंगौटी से शिवपुर सड़क निर्माण कार्य के कार्यप्रारंभ पूजन कार्यक्रम में ग्राम शिवपुर, यादव पारा में भी मंत्री राजवाड़े सम्मिलित हुईं।इस अवसर पर मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सुदृढ़ सड़कें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी, किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को लाभ होगा तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और बाजार तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांव, गरीब और वंचित वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। अधोसंरचना विकास के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार प्रकट किया।

## आपरेटर एवं समिति प्रबंधक सेवा से पृथक

**धमतरी।** संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर के पत्र क्रमांक 3990/धान उपार्जन 2025 दिनांक 24 दिसम्बर 2025 तथा उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, धमतरी के पत्र क्रमांक उ.पा. स.ध./विपणन धा.ख./2026/170 के तहत धान खरीदी हेतु स्पष्ट मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश जारी किए गए थे।

निर्देशों के विपरीत कार्य किए जाने एवं गंभीर अनियमितताओं के मामलों में प्राथमिक कृषि सहकारी साख समिति मर्यादित मोहदी के धान उपार्जन केन्द्र में पदस्थ आपरेटर अशोक कुमार साहू एवं समिति प्रबंधक गोपाल राम साहू द्वारा घोर लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरती गई।

## खुली धूप में बैठकर सुनीं गईं कोरिया वासियों की समस्याएँ

**कोरिया।** कोरिया जिले की कलेक्टर चंदन त्रिपाठी की ठंड के मद्देनजर लिए गए संवेदन शील निर्णय अनुसार आज भी साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम संपन्न हुआ। ठंड में दूर दराज से आने वाले आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में खुले आसमान के नीचे जनदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी और अपर कलेक्टर वैद ने फरियादियों की समस्याएँ सुनीं और उनके त्वरित एवं नियमसम्मत कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।जनदर्शन कार्यक्रम में बैकुण्ठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ डॉ आशुतोष और अपर कलेक्टर वैद्य ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप आयोजित इस जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।आज जनदर्शन के दौरान भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, बंटांकन, नामांतरण, नक्शा प्रदाय, लंबित भुगतान सहित कुल 35 विभिन्न विषयों से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में अपर कलेक्टर श्री डी.डी. मंडावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएमएचओ ने स्कूली बच्चों के साथ न्यौता भोज के तहत मनाया जन्मदिन



**कोरिया।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने एक नजीर पेश करते हुए आज अपनी जन्म दिन स्कूली बच्चों के साथ मनाया। डॉ. प्रशांत सिंह ने अपनी जन्मदिन को यादगार बनाते हुए शासन की महत्वपूर्ण प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के श्न्योता भोज कार्यक्रमश् के तहत शासकीय स्कूल, जामपानी पहुँच कर बच्चों के साथ उत्साह के साथ जन्मदिन मनाया। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक भोजन खिलाया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा हाथ धोकर ही भोजन करें, अपने शिक्षकों से सवाल करने से झिझके नहीं। हमारी पूंजी शिक्षा है, इसलिए खूब मन लगाकर पढ़ाई करें साथ ही लालच और झूठ बोलने से सदैव दूर रहें। इस न्यौता भोज के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ आयुष जायसवाल, सहित स्कूल व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएँ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पंचायत सचिव ने अपनी भतीजी के साथ किया दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र में एक पंचायत सचिव के द्वारा अपनी ही भतीजी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पंचायत सचिव अपनी भतीजी को घुमाने के बहाने अपने साथ ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना सामने आने के बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद से आरोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि आरोपी के संबंध में कोई सूचना मिले तो तत्काल नजदीकी थाने को सूचित करें।

## 10 से 24 तक थल सेना भर्ती रैली का आयोजन

**सूरजपुर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में दिनांक 10 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती रैली के अंतर्गत माह मई-जून 2025 में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं संपन्न की जाएंगी।उक्त भर्ती रैली के दौरान सीईई परीक्षा में सफल प्रदेश के युवाओं को निर्धारित तिथियों में इंडोर स्टेडियम, धमतरी में उपस्थित होना होगा। भर्ती रैली की समस्त प्रक्रियाएं 24 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएंगी।सूरजपुर जिले से सीईई परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं को धमतरी जिले में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए 10 जनवरी एवं 19 जनवरी 2026 को आमंत्रित किया गया है। संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। भर्ती रैली से संबंधित अधिक जानकारी हेतु नोडल अधिकारी सुश्री इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अपर कलेक्टर एवं आयुक्त, नगर निगम धमतरी से मोबाइल नंबर 6266800039 पर संपर्क किया जा सकता है।

# बीकानेर और राउरकेला एक्सप्रेस फाइलों में ही दम तोड़ने को मजबूर

### स्थानीय जनप्रतिनिधि बने उदासीन



**कोरबा।** भले ही अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत रेलवे ने कोरबा को शामिल किया है और 49 करोड़ खर्च से कई प्रकार के काम कराए जा रहे हैं। इन सबके बावजूद असली सवाल कायम है कि लंबी दूरी की ट्रेन कब चलेगी। कोरबा से राउरकेला और उत्तर भारत में बीकानेर तक एक्सप्रेस चलाने के प्रस्ताव स्थानीय संगठन की ओर से भेजे गए। नेतृत्व की उदासीनता के कारण इस मामले में आगे कोई प्रगति नहीं हो सकी। ऐसे में कहीं ये दोनों गाड़ियां गर्भ में ही मौत को प्राप्त न हो जाए।

रेल संघर्ष समिति द्वारा कोरबा क्षेत्र में ट्रेन यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर पिछले दशक से गंभीर कोशिश की जा रही है। इसके अच्छे परिणाम कुछ मामलों में सामने आए। कोरबा और गेवरा रोड़ से यात्री गाड़ियों के विस्तार के साथ स्टेशन में सुविधाओं में बढ़ोत्तरी इसी दबाव का नतीजा रही जबकि कई मुद्दों पर डीआरएम से लेकर जोन और रेल मंत्रालय तक उसके ठोक पत्राचार बताते हैं कि क्षमता से भी कहीं ज्यादा काम इस मामले में किया जा रहा है। रेल संघर्ष समिति ने बीते वर्षों में कोरबा जिले के लोगों को कोलकाता के तरफ सीधा कनेक्शन देने कोरबा से राउरकेला और कोरबा से बीकानेर के लिए एक्सप्रेस ट्रेन संचालन की मांग की थी। इसके पीछे पर्याप्त आधार दिए गए और रेलवे अधिकारियों को बताया गया कि ऐसा करने के लिए उसे न तो अतिरिक्त कोच की जरूरत होगी और न ही ज्यादा कुछ करना होगा। क्योंकि बिलासपुर रेल मंडल में ऐसी कई गाड़ियां चल रहीं हैं जो स्टेशन में खड़ी रहती है जिन्हें कोरबा तक विस्तारित करना आसान होगा। समिति ने पूरे मामले में पर्याप्त आधार देने के साथ बताया कि अगर ऐसी कोशिश होती है तो न केवल यात्रियों को सुविधाएं होंगी बल्कि रेलवे को औसत से कहीं ज्यादा राजस्व मिल सकेगा। कोरबा से किए गए पत्राचार पर ओड़िसा और राजस्थान के सांसदों ने न केवल रूचि ली बल्कि अपनी ओर से रेल मंत्रालय को पत्र लिखकर इसका समर्थन किया, लेकिन कोरबा जिले से जनप्रतिनिधियों के स्तर पर जो काम होना था उसमें कमी रह गई।

लंबा अरसा गुजरने के साथ कोरबा जिले के दौरे पर आए जोन अध्यक्ष से लेकर डीआरएम ने इन मामलों पर बात जरूर की लेकिन ठोस आश्वासन नहीं दिया। वैसे भी रेलवे पर लगातार कोरबा की उपेक्षा करने के आरोप लगते रहे हैं। लोगों के दावे सही साबित हो रहे हैं कि रेलवे को कोरबा से केवल कोयला लदान ही करना है बाकी चीजें उसके लिए गौण है।

### सीमित यात्री गाड़ियां, तब भी सिरदर्द

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भले ही बिलासपुर रेल मंडल के लिए कोरबा को महत्वपूर्ण स्टेशन मानता है। लेकिन बी ग्रेड के स्टेशन पर पहले से ही सवाल खड़े होते रहे हैं। 2000 करोड़ से ज्यादा का राजस्व कोरबा हर वर्ष दे रहा है फिर भी उसके खाते में चार एक्सप्रेस और तीन लोकल गाड़ियां ही है। देश के विभिन्न राज्यों के लोगों की उपस्थिति कोरबा में होने और अलग-अलग कारणों से उनकी पहुंच समय-समय पर अपने क्षेत्रों में होती है तब यही सीमित गाड़ियां उनके लिए सिरदर्द बन जाती है। कई मौकों पर अलग-अलग मंचों से अतिरिक्त गाड़ियां चलाने की मांग उठी है, लेकिन अधिकारियों ने इसे महत्व नहीं दिया।

# 25 हजार टन कोयला प्रतिदिन मिल रहा एचटीपीएस को कन्वेयर बेल्ट से



### एसईसीएल से आपूर्ति के लिए किया है करार कंपनी ने

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ की सरकारी बड़ी परियोजना एचटीपीएस कोरबा वेस्ट से विस्तारित इकाई सहित 1340 मेगावाट बिजली उत्पादित की जा रही है। संयंत्र के परिचालन के लिए विद्युत कंपनी कोयला के मामले में एसईसीएल पर निर्भर है। उपलब्धता आसान बनाने के लिए उसने एमओयू किया हुआ है।

एचटीपीएस की कुल पांच इकाईयां वर्तमान में प्रभावशील हैं। ये सभी मिलकर प्रदेश की बड़ी ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में अपनी भूमिका निभा रही है। सड़क मार्ग से कोयला की आपूर्ति भी इस प्लांट को की जा रही है। दूसरे माध्यम भी प्रचालित हैं। जबकि मैदानी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विद्युत कंपनी ने प्लांट से एसईसीएल कुसमुंडा के साइलो तक 9 किलोमीटर लंबा कन्वेयर बेल्ट सिस्टम विकसित किया है। यह अपने आपमें एक बड़ा प्रयोग रहा। हालांकि इस तरह की व्यवस्था बीते वर्षों में भी थी लेकिन नए दौर में इसे अपग्रेड किया गया। प्रबंधन ने बताया कि वर्तमान में कन्वेयर बेल्ट सिस्टम से प्रतिदिन 25 हजार टन कोयला की उपलब्धता संयंत्र को हो रही है। इसके लिए बाह्य कोयला हस्तांतरण संभाग का सेटअप पहले से है और अधीक्षण अभियंता स्तर के अधिकारी इसे हेंडल कर रहे हैं।

प्रबंधन ने बताया कि संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता के मामले में कोयला की जितनी आवश्यकता है उसकी पूर्ति नियमित रूप से हो रही है और इस मामले में फिलहाल किसी तरह की चुनौतियां नहीं हैं। कोयला की उपयोगिता के बाद उत्सर्जित होने वाली फ्लाईऐश के सुरक्षित भंडारण के लिए समग्र व्यवस्थाएं की गई है। पर्यावरणीय मानकों को ध्यान में रखते हुए ऐश पॉंड को हमेशा नमीयुक्त रखा जा रहा है ताकि जन स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का सामना आसपास की आबादी को न करना पड़े।

# मानव-हाथी द्वंद्व प्रबंधन : कटघोरा वनमंडल के प्रयास को कलेक्टर ने सराहा



**कोरबा।** वनमण्डल कटघोरा में मानव-हाथी द्वंद्व प्रबंधन हेतु गठित समिति की बैठक कलेक्टोरेट, कोरबा स्थित समय-सीमा कक्ष में संपादित हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा की गई। बैठक में मानव-हाथी द्वंद्व की वर्तमान स्थिति, हाथी प्रभावित क्षेत्रों की समस्याओं तथा उनके प्रभावी एवं स्थायी समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।इस अवसर पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा— 'कटघोरा वनमण्डल द्वारा मानव-हाथी द्वंद्व प्रबंधन की दिशा में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। हाथी प्रभावित क्षेत्र के गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति प्रदान की जाए, जिससे प्रभावित परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराया जा सके। साथ ही, हाथी से संबंधित मुआवजा प्रकरणों के त्वरित निर्माण एवं निराकरण हेतु सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित किया जाए, ताकि प्रभावितों को समय पर राहत मिल सके।'

बैठक के दौरान जंगल क्षेत्रों में लो-हैंगिंग विद्युत तारों से हाथी एवं मानव जीवन को हो रहे खतरे को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को ऐसे तारों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश भी दिए गए।वहीं वनमण्डलाधिकारी कटघोरा कुमार निशांत ने कहा— 'मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं को न्यूनतम करने हेतु वन विभाग द्वारा सतत निगरानी, समय पर सूचना तंत्र, विभागीय समन्वय तथा फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई को प्राथमिकता दी जा रही है। आम नागरिकों की सुरक्षा के साथ-साथ हाथियों के संरक्षण को सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'इस अवसर पर उपवनमण्डलाधिकारी कटघोरा संजय त्रिपाठी ने कहा— 'हाथी प्रभावित क्षेत्रों में फील्ड स्तर पर त्वरित कार्रवाई, ग्रामीणों से निरंतर संवाद तथा जोखिम वाले स्थानों की पहचान कर समय रहते सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे मानव-हाथी द्वंद्व की घटनाओं में कमी लाई जा सके। 'बैठक में मंसूर खान भी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न संबंधित विभागों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए।

# मिठास और एकता का संदेश वाहक है मकर संक्रांति : किशोर भाई

### दृष्टांत से कई तथ्य रखे चंद्रकुमार शर्मा ने



**कोरबा।** सामाजिक कार्यकर्ता किशोर भाई पटेल ने कहा है कि तिल और गुड़ की मिठास सामाजिक सद्भाव के मामले में अपनी अहम् भूमिका निभा सकती है। संक्रांति का पर्व लोगों को आपस में जोड़ने और सामाजिक मजबूती का संदेश भी देता है। ऐसे विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।

आरएसएस के मकर संक्रांति उत्सव में शारदा विहार में उन्होंने आज सुबह यह बात कही। मकर संक्रांति के धार्मिक और वैज्ञानिक पक्ष पर भी उन्होंने बात रखी और इसके साथ यह भी कहा कि श्रृष्टि के समय से मकर संक्रांति का संदर्भ बना हुआ है। यही सनातन की विशेषताएं हैं। मुख्य वक्ता के रूप में किशोर भाई पटेल ने कहा कि मकर संक्रांति के अपने परिप्रेक्ष्य हैं और इसके जरिए हमें यह भी सीखना होगा कि राष्ट्रीय संदर्भ में सामाजिक ताने-बाने के साथ एकता को और मजबूत किया जाए। उन्होंने सामाजिक समरसता से जुड़े इस पर्व को लेकर कुछ संदर्भ प्रस्तुत किए। व्याख्याता चंद्रकुमार शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि जुड़ने में जो आनंद है वह बिखरने में नहीं, क्योंकि शक्ति का अपना महत्व होता है और बिखरी हुई इकाईयां किसी का कुछ नहीं कर सकती। उन्होंने सुभाषित के माध्यम से शक्ति संचय और अतीत की घटनाओं को भी सामने रखा। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति पुण्य स्नान और दान तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह बिखरे हुए समाज को तिल और गुड़ के तौर पर संचित करने की व्यवस्था का भी नाम है। कार्यक्रम के अंतर्गत सुभाषित अमृत वचन प्रस्तुत किए गए। उससे पहले उपनगर संघचालक अमृत लाल बत्रा एवं अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित किया। कार्यक्रम का संचालन कृष्णा प्रसाद सोनी ने किया। कार्यक्रम में शारदा विहार क्षेत्र के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### मनरेगा को लेकर बनाई जाएगी समन्वय समिति

**कोरबा।** कांग्रेस के द्वारा मनरेगा का नाम परिवर्तिन करने पर जनजागरण अभियान शुरू कर दिया गया है। धरना प्रदर्शन के बाद अब सभी ब्लाको में समन्वय समिति बनाई जा रही है। कटघोरा ब्लाक में गोरे लाल यादव दीपका में दिलीप सिंह विशाल शुक्ला बांकी मोगरा में प्रदीप अग्रवाल , धनजय दीवान , यशपाल कंवर सहित मिलकर समन्वय समिति बनाएगें। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि सभी ब्लाको में जनगारण अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण सोनी ने भी नाम परिवर्तिन किए जाने का विरोध किया है। और कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेंगा के आधार पर काम होता है।

## हादसे में घायल स्वास्थ्य सुपरवाइजर ने दम तोड़ा

**कोरबा।** सर्वमंगला-कनबेरी मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में घायल स्वास्थ्य सुपरवाइजर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार पड़निया निवासी साधुराम सिदार करतला में स्वास्थ्य सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ था। सोमवार को ड्यूटी करने के बाद वह अपने मोटर साइकिल से पड़निया वापस लौट रहा था, तभी कनबेरी मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे ठोकर मार दिया। इस दुर्घटना में साधुराम के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोटें आई थी।

## सार्वजनिक स्थानों और मार्गों पर यातायात जागरूकता की कोशिश



**कोरबा।** सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी तक मनाया जाना है। कई आयाम इसमें शामिल किए गए हैं। सड़क हादसों में कमी लाने के साथ ही वाहन चालकों और आम लोगों को यातायात नियमों की जानकारी इस अवधि में दी जानी है। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के तहत नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे सहित सार्वजनिक स्थानों पर जानकारी देने के लिए बैनर पोस्टर लगाए हैं।

इस सामाग्री में पुलिस कंट्रोल रूम, थाना से लेकर अग्निशमन और अस्पताल के नंबर जारी किए गए। इसके अलावा हाईवे पर दुर्घटना होने की स्थिति में संपर्क सूची के अलावा रास्ते पर गाड़ी ड्राइव करने के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों को वर्णित किया गया। सामान्य तौर पर ऐसी जानकारी बैनर, पोस्टर में शामिल की गई है जो आम लोगों के काम की हो सकती है। कोरबा एसपी के निर्देशन में इस अभियान को शुरू किया गया है। एडशिनल एसपी नितीश ठाकुर, सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, डीएसपी ट्रैफिक डीके सिंह, टीआई तेज यादव के साथ अमला इसमें काम कर रहा है। एएसआई मनोज राठौर ने बताया कि अभियान के अंतर्गत लोगों को लाभान्वित करना जारी है।

### कई स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

**कोरबा।** आज मकर सक्रांति के अवसर पर भाजपा कोसाबाड़ी नगर मंडल के द्वारा दादर में खिचड़ी वितरण किया जाएगा। जिसकी तैयारी मडल अध्यक्ष राजेश राठौर, पुनीराम साहू, मिलाप राम मंजू सिंह, मनोरमा शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा की जा रही है। 26 जनवरी को लेकर आज छुरी नगर पंचायत की बैठक भी आयोजित की गई है। जिसमें नगर पंचायत के अध्यक्ष पदमिनी देवांगन उपाध्यक्ष हिरानंद पजवानी, विधायक प्रतिनिधि प्रीमत देवांगन, श्याम कुमार साहू,सहित सभी पार्षद मौजूद रहेगें। यह जानकारी रमेश श्रीवास ने दी है। हाई स्कूल जमनीपाली में भी सरस्वती योगना कि तहत छात्राओं को सायकिल वितरणसा किया जाएगा। इस दौर भाजपा नेता नरेन्द्र देवांगन मंडल अध्यक्ष मनोज लहरे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# बालको की 'आरोग्य' परियोजना से समुदाय को मिला स्वास्थ्य लाभ



**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर वर्ष 2025 में अपनी सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना 'आरोग्य' के माध्यम से लगभग 1.2 लाख लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाया। उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से बालको निरंतर समुदाय की सेवा कर रहा है। इस वर्ष की थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' को आत्मसात करते हुए कंपनी ने निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

'आरोग्य' परियोजना के अंतर्गत वर्ष भर में 77,700 से अधिक लोगों को प्राथमिक, निवारक एवं उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त, तीन ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से 3,400 से अधिक नागरिकों को नियमित प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया गया। साथ ही, बालको द्वारा संचालित दो मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) के माध्यम से 35,700 से अधिक लोगों तक प्रत्यक्ष स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई गईं। इनमें से 16,800 से अधिक नागरिकों को नियमित पाक्षिक विज़िट, बुजुर्गों एवं असमर्थ मरीजों के लिए होम विज़िट, फिजियोथेरेपी तथा स्त्री रोग संबंधी विशेष शिविरों के माध्यम से लाभ मिला।

मल्टी-स्पेशलिटी मेगा हेल्थ कैंप के माध्यम से 1,200 से अधिक लोग लाभान्वित हुए, जिनमें सामान्य चिकित्सा, दंत चिकित्सा, त्वचा रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग एवं आवश्यक जांच सुविधाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर मोबाइल फिजियोथेरेपी यूनिट एवं लैब टेस्टिंग सुविधा का भी शुभारंभ किया गया। बालको ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन के लिए व्यापक पहल की। 51 आंगनवाड़ी केंद्रों में 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के 3,000 से अधिक बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 835 बच्चों को गंभीर, मध्यम एवं हल्के कुपोषण की श्रेणी में चिन्हित कर पॉजिटिव डिविएंस हेल्थ सत्र, टीएचआर प्रशिक्षण एवं होम विज़िट के माध्यम से विशेष देखभाल प्रदान की गई। वहीं गंभीर रूप से कुपोषित 18 बच्चों को जिला अस्पताल स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में रेफर किया गया। एनीमिया उन्मूलन हेतु आयोजित 40 विशेष शिविरों के माध्यम से 1,000 से अधिक गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं एवं किशोरियों को पोषण एवं आयरन सेवन के प्रति जागरूक किया गया। 'बेबी स्टेप्स टुगेदर' पहल के अंतर्गत 80 से अधिक दंपतियों को मातृत्व देखभाल में पिता की भूमिका के प्रति प्रशिक्षित किया गया। सामाजिक व्यवहार परिवर्तन पर केंद्रित स्वास्थ्य अभियानों के माध्यम से बालको ने प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर भी कार्य किया। नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यालयों, युवा चौपालों, नुक्कड़ नाटकों एवं जागरूकता शिविरों के माध्यम से 4,900 से अधिक युवाओं एवं समुदाय सदस्यों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। वहीं टीबी जागरूकता के 45 सत्रों के माध्यम से 500 से अधिक लोगों तक जानकारी पहुंचाई गई तथा 130 से अधिक स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया। वर्ष भर में कुल 35,000 से अधिक लोगों को विभिन्न स्वास्थ्य विषयों पर जागरूक किया गया।

बालको अपने सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से छत्तीसगढ़ के कोरबा, कवर्धा, सरगुजा एवं रायपुर जिलों के 123 गांवों में प्रतिवर्ष 2.1 लाख से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचा रहा है। कंपनी की स्वास्थ्य पहलें राष्ट्रीय स्वास्थ्य लक्ष्यों एवं सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप हैं। जिला स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन एवं सामुदायिक संस्थाओं के सहयोग से बालको निरंतर स्वस्थ, सशक्त एवं आत्मनिर्भर समुदायों के निर्माण की दिशा में कार्य कर रहा है।

## जैन मंदिर में एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर 17 तक, अच्छा प्रतिषाद

**कोरबा।** बुधवारी जैन मंदिर परिसर में एक्यूप्रेशर ,सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर जारी है। 17 जनवरी तक यह शिविर लोगों की सेवा में संचालित होगा। यहां पर एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर (राजस्थान) के थैरेपिस्ट डॉक्टर मुकेश चौधरी एवं थैरेपिस्ट डॉक्टर गुरप्रीत सिंह विशेषज्ञ एवं उनकी टीम के द्वारा चिकित्सकीय सेवाएं दी जा रही है।

बताया गया कि बिना औषधि के घुटनों का दर्द ,मोटापा, ब्लडप्रेशर, शुगर, गैस ,कब्ज, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, पुराना सिरदर्द, साइटिका, आंख, कान, नाक, गले का रोग, लंबाई बढ़ाना, लकवा (पैरालायसिस) मस्सा, बवासीर, डिप्रेशन, मानसिक तनाव हाथ पैरों में झुनझुनी होना आदि अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के द्वारा एक्यूप्रेशर,सुजोक, वाइब्रेशन थेरेपी से किया जाएगा ।चिकित्सा शिविर का समय सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं शाम को 4:00 बजे से 8:00 बजे तक रहेगा। जिसमें मरीज पर रोज 15 से 20 मिनट इलाज किया जा रहा है। शिविर प्रभारी ने बताया कि पिछले कुछ समय से पैरों की नसों में जकड़न से संबंधित बीमारी सामने आई है। इसमें शुरुआती दौर में नसें उभरती है और धीरे-धीरे बड़े हिस्से को प्रभाव में लेती है। रक्त के सही संचरण न होने इस तरह की समस्याएं पेश आती है। प्राकृतिक चिकित्सा इसका सार्थक विकल्प सामने आया है।

### युवक कांग्रेसी सौपेगें ज्ञापन

**कोरबा।** एक किसान के द्वारा जहर खाने के मामले कोलेकर आज युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता हरदी बाजार व दीपका चौकी मे जाकर ज्ञापन सौंपेगे और मांग करेंगे की दोषीी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश महामंत्री लक्ष्मी कंवर, विकास सिंह, कुणाल आजाद व सद्दाम , जैन चंद्रा का कहना है कि इस मामले से किसान आक्रोशित हो गए है। औ दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई चाहते है। पूरे प्रदेश भर में किसान परेशान है धान खरीदी को लेकर उन्हे परेशापर झेलनी पड़ रही है। अधिकारी काम करने में नाकाम साबित हो रहे है। किसान काम नही होने से घर लौट जाते है। और वे तनाव ग्रस्त होने से गलत कदम उठा लेते है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com